राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 रोहित ने किया बुमराह बचाव, कहा- अन्य गेंदबाजों को भी........

विदेश मंत्री जयशंकर मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए बहरीन पहुंचे 12



वर्ष : 12 | अंक : 235 | पटना, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# मोदी ने की पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना

प्रात :किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेटिकन में भारतीय कैथोलिक पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना की है। श्री मोदी ने रविवार को इसे भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात बताते हुए जॉर्ज जैकब कूवाकड के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पादरी कूवाकड को वेटिकन में आयोजित एक समारोह में कार्डिनल की उपाधि प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है ! हिज होलीनेस पोप फ्रांसिस द्वारा हिज एमिनेंस जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाये जाने पर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के एक उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन





समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत सरकार ने समारोह में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को वेटिकन भेजा है। समारोह से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। सेंट पीटर बैसिलिका में आयोजित समारोह में दुनिया भर के 20 अन्य पादरियों को शीर्ष कैथोलिक पादरियों की उपस्थिति में कार्डिनल बनाया गया। मौजूदा व्यवस्था में, पादरी कूवाकड छठे भारतीय कार्डिनल हैं। उनकी पदोन्नति से कैथोलिक चर्च के पदानुक्रम में भारतीय प्रतिनिधित्व को एक बड़ा बढ़ावा मिला है। इक्यावन वर्षीय कूवाकड कार्डिनल के पद पर सीधे पदोन्नत होने वाले भारत के पहले पादरी बन गये हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले, भारत के सभी अन्य कार्डिनल इस सम्मान को प्राप्त करने से पहले बिशप या आर्कबिशप के पद पर थे। वह चंगनाचेरी के सिरो-मालाबार कैथोलिक आर्चडायोसिस से जुड़े हुए हैं।

## प्रधानमंत्री राजस्थान वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आज करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजस्थान में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2024 का उद्घाटन करेंगे और इस दौरान वह मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। राजस्थान में निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री हरियाणा के पानीपत में जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे और फिर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 और राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में नौ से 11 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे निवेशक शिखर सम्मेलन का विषय परिपूर्ण, जिम्मेदार, तैयार है। शिखर सम्मेलन जल सुरक्षा, टिकाऊ खनन, टिकाऊ वित्त, समावेशी पर्यटन, कृषि-व्यवसाय नवाचारों और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के विषयों पर 12 क्षेत्रीय विषयगत सत्रों की मेजबानी करेगा। इन तीन दिनों के दौरान प्रवासी राजस्थान सम्मेलन और एमएसएमई सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। पीएमओ ने कहा कि राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में राजस्थान पैवेलियन, कंट्री पवेलियन, स्टार्टअप्स पैवेलियन जैसे विषयगत मंडप होंगे। शिखर सम्मेलन में 16 भागीदार देशों और 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित 32 से अधिक देश भाग लेंगे। पीएमओ ने कहा कि महिला सशक्तीकरण और वित्तीय समावेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री पानीपत में बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र आज से

रांची। झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र 9 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दो दिन के कार्यदिवस में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। इन्हें प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे। दूसरे दिन 10 दिसंबर को विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इसके बाद सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सत्र के अंतिम कार्यदिवस में 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा। झारखंड की छठी विधानसभा पिछली विधानसभाओं की तुलना में कई मायनों में अलग होगी। इस बार सदन में सदस्यों की संख्या 82 की बजाय 81 होगी। इसकी वजह यह है कि विधानसभा में 82वें विधायक के रूप में एंग्लो इंडियन समुदाय के किसी व्यक्ति को मनोनीत करने की संवैधानिक व्यवस्था अब समाप्त हो गई है। जनवरी, 2020 में संसद में पारित 126वें संविधान संशोधन के जरिए संसद और देश के 13 राज्यों की विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन समुदाय के मनोनयन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। यह पहली विधानसभा है, जब सत्ता पक्ष के सदस्यों की संख्या सदन की कुल संख्या की दो तिहाई होगी। इस बार सदन में 20 यानी करीब एक चौथाई विधायक ऐसे होंगे, जो पिछली विधानसभा का हिस्सा नहीं थे।

### मुख्यमंत्री ने पटना जंक्शन के समीप निर्माणाधीन भूमिगत मार्ग का किया निरीक्षण

# भूमिगत मार्ग एवं मल्टीलेवल हब का निर्माण कार्य तेजी से करें पूरा : नीतीश

- बोलें- पटना जंक्शन पहुंचने में लोगों को काफी सहूलियत होगी
- लोगों को भीड़ भाड़ से छुटकारा मिलेगा
- सीएम ने पटना जंक्शन पर मल्टी लेवल हब का भी किया निरीक्षण

प्रात :किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जंक्शन के समीप निमार्णाधीन भूमिगत मार्ग एवं मल्टीलेवल हब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूमिगत मार्ग में लगने वाले एस्केलेटर, लिफ्ट, प्रवेश एवं निकास मार्ग सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जाने वाली अन्य सुविधाओं तथा निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस भूमिगत मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद लोगों को पटना जंक्शन पहुंचने में काफी सहूलियत होगी। भूमिगत मार्ग में हर प्रकार की सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है, जिनके जरिये पटना जंक्शन के आसपास के इलाके में लोग आसानी से आवागमन कर सकेंगे, उन्हें भीड़भाड़ से छुटकारा मिलेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल हब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मल्टीलेवल हब के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सब-वे एवं मल्टीलेवल हब का जीपीओ गोलम्बर फ्लाईओवर एवं हनुमान मंदिर फ्लाईओवर से भी निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि पटना शहर स्थित स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत जीपीओ गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने हेतु भूमिगत मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित किया जाना है। पटना जीपीओ गोलम्बर के समीप नवनिर्मित मल्टीलेवल हब का निर्माण किया जा रहा है जो यातायात के विभिन्न स्त्रोतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केन्द्र होगा। इस मल्टीलेवल हब में सिटी बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी कार पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। यहाँ से पटना रेलवे स्टेशन तथा महावीर मंदिर, बुद्ध स्मृति पार्क को जोड़ने हेतु भूमिगत मार्ग (सब-वे) का निर्माण किया जा रहा है। इस स्थान पर काफी भीड़-भाड़ रहती है। राहगीरों को सड़क पार करना एक बड़ी चुनौती बनी रहती है।

**ये रहें मौजूद :**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, नगर आयुक्त अनिमेष पराशर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य के 1.55 करोड़ परिवार का बन चुका है आयुष्मान कार्ड : मंत्री

### स्वास्थ्य मंत्री ने पुस्तक मेला में आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु स्टॉल का किया उद्घाटन

प्रात :किरण



पटना। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेला- 2024 में बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (स्वास्थ्य विभाग बिहार) द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु लगाए गए जागरूकता स्टॉल और बिहार एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा लगाए गए एचआईवी जागरूकता, परामर्श एवं जांच स्टॉल का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि यह जागरूकता स्टॉल 17 दिसंबर 2024 तक मेला स्थल पर कार्यरत रहेगा। स्टॉल के माध्यम से आगंतुकों को योजनाओं के लाभों की जानकारी दी जा रही है और उनका आयुष्मान कार्ड अथवा आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी मौके पर ही बनाया जा रहा है। राज्य में 1.79 करोड़ परिवार को योजना का लाभ मिलना है, जिसमें से 1.55 करोड़ परिवार तक आयुष्मान कार्ड पहुंचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि 3.60 करोड़ लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं।

**10 महीने में बनाए गए 2.70 करोड़ कार्ड :**

पिछले 10 महीने में 2.70 करोड़ कार्ड बनाए गए हैं। इस स्टॉल पर विशेषज्ञ टीम आगंतुकों को योजनाओं की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है। इसके साथ ही, लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने हेतु ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

श्री पांडेय ने कहा कि गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस योजना को 29 अक्टूबर 2024 से आरंभ किया। बिहार में इससे लगभग 39 लाख लाभार्थी को फायदा मिलेगा। इस योजना में 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक इलाज करवा सकता है। आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से हम प्रदेश के नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**एचआईवी जागरूकता परामर्श एवं जांच स्टॉल पर मुफ्त :**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एचआईवी जागरूकता परामर्श एवं जांच स्टॉल पर मुफ्त में की जा रही है। स्टॉल पर एक लैब टेक्नीशियन और एक परामर्श दाता को नियुक्त किया गया है, जो लोगों की एचआईवी जांच मुफ्त में कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने पुस्तक मेला में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया।

**मुद्दा**

कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत की उम्मीद...

# राजनाथ की रूस यात्रा में उठेगा एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा

प्रात :किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह रूस में निर्मित दो गाइडेड-मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशील को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च, 2026 में और पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक मिलने की संभावना है। यह दो साल की देरी यूक्रेन से संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। भारत ने दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। तीसरी स्क्वाड्रन को पंजाब में इस तरह से तैनात किया गया है, ताकि पाकिस्तान की सीमा के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी कवर किया जा सके। यह सिस्टम 380 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन के बमवर्षकों, जेट विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकते हैं। रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह 09 दिसंबर को कलिनिनग्राद में भारत को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट तुशील सौंपेंगे, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित सेंसर और हथियारों से लैस है। इसके अलावा रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य-तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी, जिसकी सह अध्यक्षता सिंह और उनके समकक्ष एंड्री बेलौसोव 10 दिसंबर को मॉस्को में करेंगे। बैठक में भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2025 की शुरूआत में भारत की यात्रा पर आने वाले हैं, इसलिए दोनों पक्ष पहले चल रही सैन्य तकनीकी परियोजनाओं के साथ-साथ रणनीतिक हित के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे। 2021 के बाद आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की भी बैठक नहीं होने के कारण भारत रूस पर एस-400 मिसाइल सिस्टम से लेकर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू जेट और टी-90एस मुख्य युद्धक टैंकों तक के हथियार प्रणालियों के लिए उचित रखरखाव सहायता और कलपुर्जों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालना चाहता है। इसलिए एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के चलते रूस से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए पुर्जों की आपूर्ति एक बड़ी समस्या बन गई है। भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही पिछले दशक में सैन्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए पश्चिमी देशों की ओर रुख किया है। इसलिए रूस अभी भी भारत के लिए मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जो हथियारों के आयात का 36 फीसदी से अधिक हिस्सा है।

# बॉर्डर पर खड़े बीएसएफ जवानों पर किसी को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं : शाह

प्रात :किरण



जोधपुर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि सीमा सुरक्षा बल फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के नाम से जानी जाती है। इन्हीं के भरोसे अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए बीएसएफ जवानों को जाता है और किसी को इन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा से जब भी कोई अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान निपट लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। गृह मंत्री को सुबह बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। गृह मंत्री ने कहा कि जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभाई है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका ये बलिदान अहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन की समस्या और गहराने वाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, डीआरडीओ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिलकर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आए हैं। इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। उन्होंने कहा कि हमने तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से ओखा (गुजरात) में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी की स्थापना की गई है। हमारी जल सीमाओं की सुरक्षा में तैनात राज्य की पुलिस और सीमा सुरक्षा बल दोनों की ट्रेनिंग यहां कराई जा रही है। इसके साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में व्यापक सुरक्षा प्रणाली लेकर आए हैं। बीएसएफ में कॉम्प्रिहेंसिव इंट्रीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी (असम) में शुरू किया है। इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश की बॉर्डर पर लगाया जाएगा। बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़ी राशि दी जा रही है। शाह ने कहा कि 2024 में बीएसएफ ने जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के सामने लड़ने का रिकॉर्ड बनाया है। मुझे विश्वास है कि आप ये सारे काम आगे भी करते रहेंगे। भारत सरकार ने हर बजट में बहुत बड़ी राशि बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए दी है। बांग्लादेश की सीमा पर 591 किलोमीटर की बाड़बंदी, 1129 किलोमीटर पर फ्लड लाइट्स लगाई गई हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया है।

## वायु सेना कमांडरों से मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता विकसित करने का आह्वान

नई दिल्ली/एजेंसी। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की है। उन्होंने भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। वायु सेना प्रमुख पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन में 6-7 दिसंबर को नई दिल्ली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डब्ल्यूएसी के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा ने उनकी अगवानी की और उनके आगमन पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सम्मेलन के दौरान सीएएस ने कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी-डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने इस वर्ष की थीम ह्यभारतीय वायु सेना : सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर पर जोर दिया और भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

# पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के पुनर्स्थापन का कार्य प्रगति पर

## मधुबनी और दरभंगा जिले में 2,03,300 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी

- कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी
- कृषि क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के अवशेष एवं पुनर्स्थापन का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना के तहत दशकों पहले बनी नहरों से गाद की सफाई, क्षतिग्रस्त नहर बांधों तथा जीर्ण-शीर्ण संरचनाओं के पुनर्स्थापन और अधूरी नहर प्रणाली के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। परियोजना की भौतिक प्रगति 94.23 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने पर मधुबनी जिले के 19 प्रखंडों और दरभंगा जिले के 5 प्रखंडों के किसान लाभान्वित होंगे। साथ ही क्षेत्र में भूजल स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का उद्देश्य मधुबनी और दरभंगा जिले के बड़े इलाके में नहरों के जरिये सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत कोसी नदी पर नेपाल के भीमनगर में निर्मित बराज के दाएं भाग से पश्चिमी कोसी मुख्य नहर का निर्माण किया गया है। इस मुख्य नहर से निस्सृत विभिन्न वितरण प्रणाली का अवशेष निर्माण-सह-पुनर्स्थापन कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत कृषि योग्य कमांड क्षेत्र 2,03,300 हेक्टेयर है। इसमें से मधुबनी जिले में कृषि योग्य कमांड क्षेत्र 1,87,744 हेक्टेयर, जबकि दरभंगा जिले में कृषि योग्य कमांड क्षेत्र 15,556 हेक्टेयर है। राज्य में उपलब्ध नदी जल का बेहतर प्रबंधन करते हुए सिंचाई सुविधा के निरंतर विस्तार के जल संसाधन विभाग के प्रयासों के अनुरूप, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। मधुबनी दरभंगा जिलों के बड़े इलाके में नहरों के जरिये सालोभर सिंचाई सुविधा मिलने पर दोनों जिलों में किसान तीन फसल तक उगा सकेंगे। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस तरह इस परियोजना के पूर्ण होने से मधुबनी और दरभंगा जिले में कृषि क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा।

# लोकतंत्र में परिवारवाद की कोई जगह नहीं : विजय

## आसमान में केक काटने वाले जनता का दुःख क्या बाँटेंगे



पटना, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला है। कहा कि तेजस्वी यादव ने राजनीतिक संघर्ष की यात्रा तय तो की नहीं, मगर मुद्दाविहीन विमर्श करने में पीछे नहीं हटते। श्री सिन्हा ने कहा कि पोलिंग एजेंट से लेकर उपमुख्यमंत्री तक की यात्रा में वो हमेशा जनता, समाज और शासन के साथ समन्वय बनाकर अपने सकारात्मक पहल से अपनी हर ज़िम्मेदारियों को निःस्वार्थ भाव से निभाया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ना को सही से खेल पाये, ना सही से पढ़ाई कर पाये और जब गिफ़्ट में ज़िम्मेदारी और सत्ता मिली तो वफादारी भी भूल गये। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को मेरी उपलब्धि पर चर्चा करने के बजाए अपने माता-पिता की उपलब्धि बतानी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष किन गुणों के आधार पर उपमुख्मंत्री बने थे, उन्हें जनता को यह भी बताना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा के लोकतंत्र के कारण ही देश को प्रधानमंत्री के रुप में नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री प्राप्त हुआ है। कांग्रेस और राजद जैसी पार्टीयां लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती है, उन्हें परिवार के सदस्यों की चिंता है, जनता से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के परिणाम से कांग्रेस और राजद को सीख लेने चाहिए। बिहार के 2025 के चुनाव में महाराष्ट्र जैसे परिणाम भी एनडीए के पक्ष में बिहार में प्राप्त होंगे। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को खुली चुनौती है कि वो मेरी उपलब्धियों पर वो कभी भी डिबेट कर लें। दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा।

# छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार : तेजस्वी

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को राजद नेता तेजस्वी यादव ने छात्रों के भविष्य संग खिलवाड़ बताया है। उनके मुताबिक प्रदेश में अफसरशाही चरम पर है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा, देखिए लाठीचार्ज तो हुआ है और यह लाठी डंडे वाली सरकार है। अफसरशाही पूरे चरम पर है। लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सर्वर डाउन होने की वजह से जो नौजवान परेशान हैं, लाखों अभ्यर्थियों जो फॉर्म नहीं भर पाए हैं। इसके लिए दोषी छात्र-छात्राएं नहीं हैं। बिहार सरकार को छात्रों को मौका देना चाहिए। सर्वर को एक-दो दिन के लिए खोल देना चाहिए। जिससे लाखों छात्र फॉर्म भर सकें। सत्ता पक्ष के बयान पर तेजस्वी ने कहा, हम जनता और नौजवानों की आवाज नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा? छात्रों की आवाज यह लोग क्यों नहीं उठाते हैं? 10 दिन से नॉर्मलाइजेशन को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। सरकार को पहले बताना चाहिए था। आज लाठीचार्ज करने के बाद बता रहे हैं। इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करना चाहती हैं। जब इस पर तेजस्वी यादव से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा अभी इस पर जवाब नहीं। बता दें कि 6 दिसंबर को पटना में बीपीएससी के सामने विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज हुआ था। इसके बाद तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा था कि राजनीति से रिटायर होने की उम्र है ह्यवोह्न पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं तथा नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवा रहे है।

# जीरो वेस्ट इवेंट बनेगा गांधी मैदान का सरस मेला

- पटना नगर निगम द्वारा मिशन टोटल सेग्रिगेशन के तहत सूखे एवं गीले कचरे के लिए अलग निष्पादन की होगी व्यवस्था।
- मेले में आने वाले आमजनों को भी किया जाएगा जागरूक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम द्वारा गांधी मैदान परिसर में लगने वाला सरस मेला को जीरो वेस्ट इवेंट मेला बनाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए पटना नगर निगम द्वारा कई तैयारियां की गई है। इसी कड़ी में जीरो वेस्ट इंवेट के रूप में पटना सरस मेला परिसर को कचरे से मुक्त रखा जाएगा। 12 दिसंबर से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सभी दिन मेला परिसर को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में ही होगा। नगर आयुक्त के निर्देश पर सरस मेले में पटना नगर निगम की टीम द्वारा तैयारियां की जा रही है। सूखे एवं गीले कचरे का अलग निष्पादन सरस मेले में आमजनों की संख्या लाखों की होती है। प्रतिदिन सांस्कृति कार्यक्रम एवं विभिन्न स्टॉल के माध्यम से लोग खरीदारी एवं मनोरंजन के लिए एकत्रित होते है। ऐसे में खाने पीने की वस्तूएं एवं उनसे उत्पन्न कचरे का निष्पादन मेला परिसर में ही किया जाएगा। सुखे कचरे झ्र सूखे कचरे के लिए पटना नगर निगम द्वारा एकत्रित करने के लिए विशेष टीम होगी जो इन कचरों को प्रोसेसिंग के लिए भेजेगी जिससे इसका पुनः उपयोग किया जा सके गीले कचरे पटना नगर निगम द्वारा मेला परिसर में गीले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए प्लांट भी लगा होगा। जिसे मेले के दौरान एकत्रित किया जाने वाला गीला कचरे वहीं प्रोसेस किया जा सके। इस प्रकार पटना नगर निगम द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि मेले से उत्पन्न कचरे का निष्पादन मेला परिसर में ही किया जाए। जनजागरूकता के लिए लगेगा विशेष स्टॉल पटना नगर निगम कर्मियों द्वारा मेले में आने वाले लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। पटना नगर निगम की टीम द्वारा मेले में स्टॉल लगा होगा जहां आम लोगों को मिशन टोटल सेग्रिगेशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे मेले परिसर में संदेशों के माध्यम से लोगों को कचरा अलग अलग करने, हेल्पलाइन नंबर एवं पटना नगर निगम की सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मेला परिसर में विभिन्न प्रकार के डस्टबिन, पिंक टॉयलेट, पेयजल एवं विशेष सफाई की व्यवस्था पटना नगर निगम द्वारा की जा रही है।

# राजस्व विभाग के सचिव ने किया पुस्तक मेला में लगे विभाग के स्टॉल का निरीक्षण

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पुस्तक मेला में संचालित राजस्व विभाग के स्टॉल का सचिव जय सिंह ने औचक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि दिनांक 6 से 17 दिसंबर तक चलने वाले पटना पुस्तक मेला में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर राजस्व नक्शों एवं ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा प्रदान की जा रही है। स्टॉल में सुबह से हीं लोगों की लंबी कतारें लग रहीं हैं। सचिव ने मेला में पहुँचकर नक्शा प्राप्त करने आये लोगों से बात-चीत की तथा स्टॉल में मिल रही सेवाओं के बारे में उनका फीडबैक पूछा। सचिव ने स्टॉल का संचालन सही तरीके से हो इसके लिये पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। साथ हीं लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका ध्यान रखने को भी कहा। स्टॉल पर राज्य के सभी 38 जिलों का नया तथा पुराना नक्शा मिल रहा है। विभाग द्वारा राजस्व नक्शों की बिक्री के लिए स्टॉल में 2 काउंटर बनाये गये हैं। दोनों काउंटर पर सीएस, आरएस, चकबंदी एवं म्युनिसिपल सर्वे नक्शा उपलब्ध है, जिन्हें 150 रुपया प्रति शीट का नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। स्टॉल पर आने वाले कई लोग अपने जमीन के बारे में बिना पूर्ण जानकारी के आ रहे हैं, जिनसे उन्हें फॉर्म भरने में असुविधा हो रही है। कई रैयतों को पर्याप्त नगद राशि नहीं होने के आभाव में भी नक्शा प्राप्त करने में असुविधा हुई। उलेखनीय है कि स्टॉल पर केवल नगद भुगतान की व्यवस्था मौजूद है। रविवार को 50 से अधिक लोग परिमार्जन, म्यूटेशन तथा अन्य सेवाओं के लिये पुस्तक मेला आये। नक्शा लेने के लिये भी करीब दो सौ लोगों ने काउंटर पर फॉर्म भरा और प्राप्त किया।

नक्शा प्राप्त करने के लिये काउंटर पर अपना डिटेल्स यानि मौजा, गाँव का नाम, राजस्व थाना का नाम तथा नंबर, चादर संख्या और जिला का नाम भरकर जमा करना होता है। लोग सादे कागज पर भी अपनी सारी जानकारी भरकर नक्शा प्राप्त कर सकते हैं। स्टॉल पर आये कई लोगों ने बताया कि राजस्व विभाग का स्टॉल यहाँ लगे होने के कारण हीं वो पुस्तक मेला में आयें हैं। इसके लिये वो घर से हीं पर्याप्त जानकारी इकट्ठा कर आये थे, जिससे उन्होंने आसानी से अपने गाँव का नक्शा प्राप्त कर लिया। जमुई से सिसिलिया मुर्मू अपना नक्शा लेने रविवार को मेला आयीं। उन्होंने कहा कि विभाग के तरफ से जमीन का कागज मिल रहा है। यहां आने के बाद मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। इसलिए कि मुझे सारे कागजात एक जगह ही प्राप्त हो जा रहे हैं। इसके पहले मुझे गुलजारबाग जाना पड़ता था। लेकिन यहां स्टॉल पर आधे घंटे में ही सारे कागजात उपलब्ध हो गए। विभाग की तरफ से उपलब्ध इस सेवा का लाभ लोग पटना पुस्तकमेला के आखिरी दिन यानी 17 दिसंबर तक उठा सकते हैं।

# किसान बिचौलियों के हाथों औने पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर : भाकपा

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद सुनिश्चित करने की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि पूरे राज्य में धान की कटनी अंतिम दौर में पहुंच गई है, लेकिन किसानों से पैक्स और व्यापार मंडल के द्वारा धान की खरीद नहीं की जा रही है। अभी तक राज्य में मात्र एक लाख 41 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जो काफी चिंताजनक है। किसान बिचौलियों के हाथों 1500-1600 रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने को मजबूर हैं। खरीद के आंकड़े देखने से लग रहा है अभी तक जो भी धान की खरीद हुई है, उसमें किसानों के बजाय अधिकांश धान गैर रैयत के नाम पर बिचौलियों से खरीदी गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये और साधारण का 2320 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। लेकिन बिहार के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान बिचौलियों के हाथों औने पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। बिहार के धान प्रत्येक दिन दूसरे राज्य जा रहे हैं, बिहार के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल रहा है, लेकिन बिचौलिए और दूसरे राज्य के व्यापारियों की चांदी कट रही है। राज्य सरकार बिहार के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद सुनिश्चित करते हुए किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की गारंटी करें।

# मुख्यमंत्री सैनिकों और पूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशील : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने बिहार के सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए सम्मान और पुनर्वास राशि में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है और उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे हैं इसलिए वो देश की सुरक्षा में लगे एक सैनिक के बलिदान और उनके देश के प्रति कर्तव्य को बखूबी समझते हैं। शुरू से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशील रहे हैं और उनके कल्याण और पुनर्वास के लिए उनको मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है।

# मरौना के शहीद संजीव भंडारी के नाम पर हो स्थानीय विद्यालय एवं सड़क का नाम : मिन्नत

पटना। विगत दिनों भारतीय सेना के जवान सुपौल के मरौना प्रखंड निवासी संजीव कुमार भंडारी हिमाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान एक हादसे में शहीद हो गए थे। आज शहीद परिवार से मिलने सुपौल विधानसभा के प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी उनके आवास पर पहुँच कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहीद संजय भंडारी ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। यह बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सरकार को उनके परिवार की देखभाल करनी चाहिए ताकि उनका बलिदान व्यर्थ न जाए। उन्होंने कहा है कि ज़िला प्रशासन एवं बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को पत्र लिख कर हमने माँग किया है कि शहीद संजीव भंडारी के नाम पर गम्हरिया प्रार्थमिक विद्यालय का नाम और बेल्ही चौक से बेल्हा तक के सड़क मार्ग शहीद के नाम करने का आग्रह किया है एवं साथ साथ बिहार सरकार उचित राशि से आर्थिक सहयोग कर परिवार के सदस्य को नौकरी प्रदान करे। ज्ञात हो कि शहीद के एक दूसरे भाई रमेश भंडारी भी भारतीय सेना में देश की सेवा दे रहे हैं। मिन्नत रहमानी के साथ मुखिया अशोक यादव, पूर्व मुखिया वीरेंद्र यादव, जीवछ यादव, तबरेज हयात, पवन चौधरी, राज नारायण कामत, श्याम शर्मा, विवेक कुमार, हरेराम यादव, शिवशंकर कुमार, शंभु प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीएम नीतीश ने समाज के सभी वर्गों के लिए किया काम : उमेश

## भ्रम फैलाने वाली विपक्षी ताकतों से सतर्क रहना है



पटना, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तरक्की के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने उक्त बातें रविवार को बांका में जदयू द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व विपक्ष के नेतागण गला फाड़-फाड़ कर हमारी पार्टी के बारे में अनर्गल भविष्यवाणी और तरह-तरह के दावे कर रहे थे लेकिन चुनाव परिणाम ने पुनः यह साबित कर दिया कि बिहार में नीतीश कुमार का विकल्प न कोई था, न है और ना ही होगा। लोकसभा चुनाव से पूर्व विपक्ष के नेतागण गला फाड़-फाड़ कर हमारी पार्टी के बारे में अनर्गल भविष्यवाणी और तरह-तरह के दावे कर रहे थे लेकिन चुनाव परिणाम ने पुनः यह साबित कर दिया कि बिहार में नीतीश कुमार का विकल्प न कोई था, न है और ना ही होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें पूरी ताकत से विकासविरोधी पार्टियों को रोकना है और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटें एनडीए की झोली में डालना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवीय आवश्यकताओं से जुड़ें आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाया है और शोषितों-वंचितों तक विकास की किरणें पहुंचाई है। 19 वर्षों की शानदार उपलब्धियों का बखान 19 दिनों में करना भी संभव नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता की नीति और नीयत का कोई मुकाबला नहीं है। श्री नीतीश कुमार ने जाति-धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर सभी वर्ग के लिए काम किया है। वहीं, दूसरी ओर राजद ने समाजवाद के नाम पर सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। वर्ष 2005 से पहले बिहार में अपराधियों का तांडव था और आम लोगों को डर के साये में जीना पड़ता था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भटकाने और भ्रम फैलाने वाली विपक्षी ताकतों से सतर्क रहना है। विपक्ष के पास झूठ के आलवे दूसरा कोई राजनीतिक हथियार नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प को सकार करने के लिए हमें एकजुट होकर अभी से जुट जाना है।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट : एंबेसडर्स मीट में कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। उद्योग विभाग बिहार सरकार द्वारा 9 दिसंबर यानी आज से नई दिल्ली में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 एंबेसडर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी होंगे। इसके अलावा, उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्य सचिव बिहार अमृत लाल मीणा एवं उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी सहित राज्य के अन्य विभागों जैसे आईटी, लेबर, आदि के सचिव और पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल अधिकारी बिहार में ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने वाली विभाग केंद्रित विभिन्न पहलों और नीतियों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई देशों के एंबेसी को न्योता भेजा गया है, जिनके एंबेसडर्स व अन्य उच्च पदाधिकारियों के उपस्थिति की संभावना है। इनमें अमेरिका, रूस, जापान और यूएई जैसे प्रमुख देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में प्रमुख ट्रेड संस्थाओं जैसे इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, टीपीसीआई, फियो, एईपीसी, यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान, उद्योग विभाग द्वारा बिहार में हाल के वर्षों में लागू की गई प्रमुख पहलों, नई नीतियों, और निवेश के अनुकूल माहौल पर विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिनिधियों को राज्य में निवेश के अवसरों और औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया जाएगा। यह कार्यक्रम 19-20 दिसंबर 2024 को पटना में आयोजित होने वाले बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# विकास के दावों की पोल खोलती है कैग और नीति आयोग की रिपोर्ट : अखिलेश

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। कैग से आई स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान रिपोर्ट और नीति आयोग की जुलाई में आई रिपोर्ट को आधार बनाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि नीति आयोग के टिकाऊ विकास सूचकांक में बिहार का प्रदर्शन देश में सबसे खराब आंका गया था। आयोग इस सूचकांक के जरिए सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मानकों पर प्रगति का मूल्यांकन करता है। इसमें टिकाऊ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है उसमें शिक्षा के मामले में एसडीजी इंडेक्स में बिहार सबसे निचले पायदान पर अर्थात 36 वें स्थान पर है। ग्रामीण साक्षरता दर और भी खराब है जो कि 43 प्रतिशत ही है। वहीं कैग की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल ही चुकी है जिसमें कहा गया कि कुल भेजी गई राशि का 31 प्रतिशत रकम बिहार ने खर्च ही नहीं किया और साथ ही डब्ल्यूएचओ के तय मानकों के अनुसार यहां प्रति हजार की संख्या पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं हैं। वहीं एंबुलेंस, ओटी, प्रशिक्षित कर्मचारी, वेंटिलेटर सभी तय मानकों में हमारा राज्य इस रिपोर्ट में फिसड्डी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में 28 बड़े राज्यों में सबसे निचले पायदान पर हमारा देश बना हुआ है जो चार साल पहले 27 वें स्थान पर था। कृषि पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है और न ही एमएसपी किसानों को सही से मिलता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध बिहार राज्य में है और साइबर मामले में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साइबर थाने के बढ़ने के बावजूद भी इन मामले पर कार्रवाई की रफ्तार बेहद धीमी है। स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस के राज्यव्यापी आंदोलन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज इस मामले में ऊर्जा विभाग के सचिव गिरफ्तार हैं और लेकिन जिन चार कंपनियों ने इसका लाभ उठाया है जिसमें अदानी की भी कंपनी शामिल है वो आज तक किसी कार्रवाई की जद में नहीं आ पाई है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा, बंटी चौधरी, लालबाबू लाल, ज्ञान रंजन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सूरज सिंहा, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# आयुष्मान योजना विश्व की सबसे बड़ी योजना : मंगल

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। भरत सरकार की आयुष्मान योजना जनहित की संसार में सबसे बदी योजना है, जिसने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद पूरे विश्व मेन ऊँचा किया है। इस योजना के अंतर्गत केवल बिहार राज्य में पंद्रह लाख से अधिक लाभार्थियों को दो हजार चौरासी करोड़ रूपए से अधिक का उपचार-लाभ दिया गया है। बिहार के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य पर होने वाले इतने बड़े व्यय से बचाया गया है। यह राशि उनके लिए उनके उपचार पर नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार ने व्यय किया है। यह योजना गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए संचालित है। किंतु सत्तर वर्ष की आयु पार कर चुके भारतीय नागरिकों के लिए वय-वंदना आयुष्मान योजना सबके लिए है, जिसके अंतर्गत पाँच लाख रूपए तक के उपचार हेतु राशि सरकार दे रही है। यह बातें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने, एजुकेशनल रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट संस्थान, पटना के तत्त्वावधान में, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित कृतज्ञता-ज्ञापन तथा सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने डा पूनम आनन्द की तीन पुस्तकों सूरज मुखी, चुनमुनिया तथा कहावत के बतरस का लोकार्पण तथा प्रदेश के 35 वरीय हिन्दी-सेवियों को सम्मानित भी किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, समेलन के आध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि लोकहित के मूल्यवान कार्यों के लिए कर्त्ता के प्रति समाज के मन में कृतज्ञता का भाव होना ही चाहिए। इसलिए आयोजक संस्था ने प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद-गोष्ठी का आयोजन कर उचित ही किया है। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित हुए विद्वानों और विदुषियों को बधाई दी तथा लोकार्पित पुस्तकों की लेखिका डा पूनम आनंद को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि पूनम जी की लेखनी इसी प्रकार निर्बाध चलती रहे। इंडियन मेडिकल ऐसोशिएशन के पुर्रव अध्यक्ष डा सहजानन्द सिंह, सुप्रसिद्ध समाचार विश्लेषक डा संजय कुमार, आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष डा विनोद शर्मा तथा जनार्दन शर्मा योगी ने भी अपने विचर व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि मृत्युंजय मिश्र करुणेश, भगवती प्रसाद द्विवेदी, किरण सिंह, डा कल्याणी कुसुम सिंह, आरपी घायल तथा रमेश कँवल समेत बिहार के 35 वरीय हिन्दी-सेवियों को साहित्य गौरव सम्मान से विभूषित किया गया।

# पत्रकारिता के धर्म की रक्षा होगी तभी लोकतंत्र बचेगा

## साहित्य-सैवी पत्रकार ए आर आजाद की सात पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पत्रकारिता के धर्म की रक्षा होगी तभी लोकतंत्र बचा रहेगा। पहले जब अपने को पत्रकार कहना गर्व की बात थी, आज वह लज्जा जा विषय हो रहा है। दबाव और लालच से जो नहीं टूटेगा, वही सच्ची पत्रकारिता कर सकेगा। अन्यथा उसका स्थान बिचौलिए का ही बना रहेगा। यह बातें रविवार को स्थानीय गांधी संग्रहालय में वरिष्ठ पत्रकार और शायर ए आर आजाद की सात पुस्तकों के लोकार्पण के अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एस एन विनोद ने कही। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ तथा एस एन विनोद ने आजाद की पुस्तकों साक्षात्कार-संग्रह सामना कविता-संग्रह तुम कहो ना, तस्वीर, रेल की पटरियां, ये शाहीन बाग है, बेटी एक गजल और माँ एक गजल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा, समाज-सेवा, गांधीवाद, राजनीति, साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष अवदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. डॉ जितेन्द्र रजक को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शिखर सम्मान, डॉ अवधेश कुमार यादव को ए पी जे अब्दुल कलाम शिखर सम्मान, प्रो. मधु प्रभा सिंह को महर्षि अरविन्द शिखर सम्मान, प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य को राज राम मोहन राय शिखर सम्मान, डॉ उषा विद्यार्थी को अबुल कलाम आजाद शिखर सम्मान, डॉ शिवनारायण को डॉ. जाकिर हुसैन शिखर सम्मान, जरलिश फातिमा को गोपाल दास पी. कपाडिया शिखर सम्मान, प्रो प्रवीण कुमार को चाणक्य शिखर सम्मान, डॉ महेश प्रसाद सिंह को रविन्द्र नाथ टैगोर शिखर सम्मान, पुष्पेंद्र कुमार वर्मा को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिखर सम्मान, प्रो (डॉ) जगन्नाथ प्रसाद को मदन मोहन मालवीय शिखर सम्मान, इशरत रसूल को सर सैयद अहमद खां शिखर सम्मान प्रदान किया गया। राजनीति के क्षेत्र में समीर कुमार सिंह को ए पी जे अब्दुल कलाम शिखर सम्मान, राजकुमार सिंह को श्रीकृष्ण सिंह शिखर सम्मान, समीर कुमार महासेठ को जयप्रकाश नारायण शिखर सम्मान प्रदान किया गया। गांधीवाद के क्षेत्र में डॉ. रजी अहमद (निदेशक व सचिव गांधी संग्रहालय, पटना) को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सदभावना शिखर सम्मान प्रदान किया गया। साहित्य के क्षेत्र में डॉ. अनिल सुलभ को गोपाल दास नीरज शिखर सम्मान, मन्त्रेश्वर झा को विद्यापित शिखर सम्मान, डॉ रानी श्रीवास्तव को अमृता प्रीतम शिखर सम्मान, प्रतिभा चौहान को महादेवी वर्मा शिखर सम्मान, डॉ. अनिरूद्ध सिन्हा को आचार्य फजलुर रहमान हाशमी शिखर सम्मान, जनाब खुर्शीद अकबर को मीर तकी मीर शिखर सम्मान, अशांत भोला को बिहारी शिखर सम्मान, डॉ. शहंशाह आलम को सुदामा पांडेय धूमिल शिखर सम्मान, डॉ. अविनाश अमन को निदा फाजली शिखर सम्मान प्रदान किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में एन एन विनोद को कुलदीप नैयर शिखर सम्मान, राजेश बादल को सुरेन्द्र प्रताप सिंह शिखर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल सुलभ ने की। और संचालन नसीम अख्तर ने किया। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन सह मुशायरा का भी आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन ए आर आजाद ने किया। और स्वागत भाषण अर्चना कुमारी यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लघु कथा पुस्तक का लोकार्पण किया गया


बरियारपुर (मुंगेर)। प्रगतिशील साहित्य मंच के तत्वाधान में बड़ी दुर्गा मंदिर स्थित विवाह भवन के प्रांगण में पुस्तक का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संजीव कुमार प्रियदर्शी के द्वारा लिखित लघु कथा अभी यहां अंधेरा है पुस्तक का मुकेश कुमार सिंह द्वारा लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कवि शशि आनंद अलबेला ने किया। इस मौके पर डॉ राजेश कुमार मोदी सुधीर कुमार प्रोग्रामर राजेंद्र राज नरेश कुमार मनीष कुमार चरसिया अभय कुमार भारती ज्योतिष चंद्र महेंद्र निशाचर नवीन निकुंज पशुपतिनाथ भारती सुनील कुमार के साथ अनेकों कवि लोग उपस्थित रहे।

### दो बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] सोहजाना मोड़ के पास दो बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक घायल हो गया। घायल बाइक चालक की पहचान थानाक्षेत्र के सरैया गांव निवासी गणेश टुडू के रूप में हुई। घायल बाइक चालक ने बताया कि मैं आमाटोली गांव से जरूरी कार्य करके अपने घर सरैया बाइक से जा रहा था और ज्योंही सोहजाना मोड़ के पास पहुंचा की तभी सामने से एक तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया और मौके स्थल से भाग निकला। बाइक की टक्कर मारने से मैं बाइक लेकर गिर गया और घायल हो गया।

# सीडीएस जनरल बिपिन रावत देश की सीमा के प्रहरी थे : प्रो : कैलाश पंडित

प्रात : किरण संवाददाता




जमुईः-पद्मविभूषण से अलंकृत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) एवं पूर्व जनरल बिपिन रावत की तीसरी पुण्यतिथि पर नगर परिषद स्थित कल्याणपुर के मीना सदन हॉल में उनकी स्मृति में उन्हें शत-शत नमन करते हुए उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर उपस्थित केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत अदम्य साहस, शौर्य और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। वे भारतीय सेना के एक ऐसे सेनापति थे, जिन्होंने देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया है। एक जनवरी 2020 को देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में पद भार ग्रहण करने वाले जनरल रावत ने भारतीय सेना में करीब 43 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। उनके नेतृत्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया गया,जिसने भारत की सुरक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाई प्रदान की। हमें खेद है कि आज ही के दिन 8 दिसंबर 2021 को एक दुःखद हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनकी धर्मपत्नीम मधुलिका रावत सहित 13 अन्य मूल्यवान सैनिकों की मृत्यु हो गई थीं। उनकी पुण्यतिथि पर हम उन्हें याद करते हुए उनके शौर्य और बलिदान को कोटि-कोटि नमन करते हैं। उनका जीवन हर सैनिकों और भारतीयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। बिपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रो पासवान ने कहा कि- ह्लदेश के पहले सीडीएस बिपिन रावत का गौरवमय इतिहास, रणभूमि में गूंजा जिसका जयघोष आकाश। हर सिपाही का सहारा, हर रण का वो नायक था। उनके हाथों से बना भारत, सुरक्षा का विजयक था। मां भारती की रक्षा में प्राण भी कुर्बान किया, उनकी हर सांस ने भारत का गौरव बढ़ा दिया। वरिष्ठ शिक्षक सह हास्य कवि श्री दिनेश मंडल ने कहा कि जनरल बिपिन रावत भारत के वीर और बहादुर सैनिक अधिकारी थे। उनके रग-रग और रोम- रोम में देश भक्ति, साहस, त्याग और शौर्य के गुण कूट-कूट कर भरे थे। मातृभूमि की रक्षा में उन्होंने अपना सब कुछ धरती मां को समर्पित कर दिया। बिपिन रावत वो योद्धा, जिसने शपथ ली। देखते ही देखते भारत मां की रक्षा में हर सीमा को जीत ली। हम उन्हें नमन करते हैं। हम ऐसे बहादुर देशभक्त सैनिक अधिकारी विपिन रावत को कोटि-कोटि नमन करते हैं। तथा सुमन अर्पित करते हैं। केकेएम कॉलेज के हिंदी विभाग के विद्वान असिस्टेंट प्रोफेसर सह एयर फोर्स के पूर्व सैनिक प्रो.कैलाश पंडित ने कहा कि बिपिन रावत देश की सीमा के समर्पित प्रहरी,और भारत माता के रक्षक थे। वे शत्रु के लिए चट्टानों से भी कठोर थे। उनके इरादे पक्के थे। सर्दी हो या तपती धूप उनके कदम कभी नहीं थकते थे। जिन्होंने मौत को भी हंस कर गले लगा लिया, जिसने हर मुस्कान में बलिदान छुपा लिया, उस योद्धा का नाम है स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत। इस महान शूरवीर की शहादत कभी बेकार नहीं जाएगा। ऐसे बहादुर सैनिक अधिकारी को हम नमन करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत, श्री रामचंद्र रवि, प्रो. संजीव कुमार सिंह, प्रो. निरंजन कुमार दुबे, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. प्रभाष चंद्र सिंह, प्रो. डीके गोयल, प्रो. सरदार राम, मंटू पासवान श्याम सुंदर रजक तथा विपुल कुमार, अतुल कुमार आदि कई अधिवक्ता, शिक्षक, प्राध्यापक छात्र और छात्राएं उपस्थित थे, जिन्होंने स्व. जनरल बिपिन रावत के पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया।

# पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दो भाइयों पर तेजधार हथियार से वार कर घायल कर देने की घटना में एक घायल की पटना में मौत हो गई जिसके बाद मृतक के पत्नी के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। मामला थानाक्षेत्र अंतर्गत बैजला गांव में बीते गुरुवार को दो पक्षों के बीच हुए झड़प की है। इस मामले में झाझा एसडीपीओ ने थाना में पीसी करते हुए पूरे मामले की जानकारी दिया। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि घटना में घायल बहादुर यादव की मौत के बाद उसकी पत्नी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक के पत्नी के द्वारा दर्ज आवेदन में अन्य लोगों को भी नामजद बनाया गया जिसको लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही पुलिस को सूचना मिला की मुख्य नामजद ईश्वर यादव झाझा बस स्टैंड के पास है जिसके बाद गठित टीम के द्वारा उक्त स्थल पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया गया और उसके निशानदेही पर घटना में उपयोग किये जाने वाले तेजधार हथियार को बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दर्ज आवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें एसएचओ संजय कुमार, पुअनि कुंज बिहारी, पुअनि नंदन कुमार, निधि कुमारी अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया था।

# अलीगंज प्रखंड में राजद का सदस्यता अभियान शुरू

## पार्टी को मजबूती करने को लेकर कार्यकर्ता घर घर जायेंगे : उदय नारायण चौधरी



● पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने कई लोगों को दिलाई राजद की सदस्यता

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ई०अलीगंजः- राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती को लेकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा।, जिसको लेकर रविवार 08 दिसम्बर को अलीगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया।, वहीं उदय नारायण चौधरी ने सत्र 2025 -2028 के लिए अलीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 30 लोगों को रशीद काट कर सदस्यता ग्रहण करवाया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी के मजबूती को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। सभी पार्टी कार्यकताओं को निर्देश दिया गया है घर-घर जाकर सदस्यता ग्रहण कराएं।,सदस्यता अभियान चलाकर समाज के कमजोर तबके के लोगों को राजद पार्टी से जोड़ने और तेजस्वी यादव के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया गया है।, कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। आम कार्यकर्ता पार्टी को बढ़ता है सजाता है और मजबूत बनाता है। इसीलिए तेजस्वी यादव के हाथों को और अधिक मजबूत करते हुए इस बार बिहार में राजद की सरकार बनानी है तो संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने का अभियान चलाया जा रहा है।, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब गुरुवों की पार्टी है और सामाजिक न्याय पर यकीन करने वाले हर वर्ग और लोगों को सम्मान और अधिकार देने का काम किया है । उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, वहीं उन्होंने कहा की आदरणीय लालू जी को इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड के लोगो से काफी लगाव भी रहा है,इस लिए सभी कार्यकर्त्ता एवं नेता को एक जुट होकर पार्टी के आदेशानुसार अपनी दायित्वों को पूरा करें ताकि पार्टी को मजबूती मिले, मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राजद जिला प्रधान महासचिव सह पूर्व जीप अध्यक्ष मुरारी राम, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश साह, प्रदेश सचिव मोहम्मद शमीम मल्लिक, प्रोफेसर सुपेन्द्र यादव, धीरेन्द्र यादव, विजय यादव, मोङ्क समीम खान, राजेंद्र यादव, कैलाश यादव, राजेश मालाकार, अजित कुशवाहा, औरंजेब, लाडला, योगेंद्र यादव, संतोष कुमार यादव,सहित दर्जनों लोग उजस्थित थे

# अवैध शराब निर्माण के क्रम में 90 लीटर महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार, उपक्रम बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

गुप्त सुचना के आधार पर बरियारपुर थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक वीरभद्र सिंह ने आशा टोला गांव पहुंच कर अपने घर में महुआ शराब निर्माण कर अन्यत्र भेजने का कार्य लंम्बी समय से फल फुल रहा था। जिसे मध्य रात्री मे छापेमारी कर 90 लीटर महुआ शराब के साथ निर्माण कार्य मे शामिल 30 वर्षीय छक्कन झा उर्फ अमीत झा,पिता स्वर्गीय लउगल झा ,25 वर्षीय सुमन झा पिता रंजन झा, इस 22 वर्षीय अमीत झा पिता युगल किशोर झा तीनो के ग्राम आशा टोला थाना बरियारपुर जिला मुंगेर का रहनेवाला है।

ज्ञात हो यह अपने घर मे महुआ शराब निर्माण कर अन्यत्र आपूर्ति करने के धंन्धा मे लंम्बी अबधी से कार्यरत थे जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस सम्बंध मे थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक वीरभद्र सिंह ने बताया कि छापेमारी के क्रम में 14.200 किलोग्राम के गैस सिलेंडर सहित गैस चुल्हा के साथ ड्रम सहित शराब केसारे उपक्रम बरामद कर बरियारपुर थाना लाया गया।उन्होंने बताया। यह धंन्धा लंम्बी अबधी से फलफुल। रहा था।

# तारापुर के सभी पैक्सों में धीरे-धीरे चल रहा धान अधिप्राप्ति का काम

## जिले से अब तक किसी भी पैक्स को धान खरीद के लिए नहीं मिला है उसका लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर( मुंगेर )।जिले में धान का कटोरा कहे जाने वाले सबसे बड़ा क्षेत्र तारापुर में सभी पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति का काम काफी धीमी गति से शुरू हुआ है । गौरतलब है कि इस वर्ष सरकार का समर्थन मूल्य 2,300 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है । पिछले वर्ष जिला से तारापुर को 9 हजार एम टी ,धान खरीद का लक्ष्य मिला था , लेकिन इस बार जिला से धान अधिप्राप्ति के लिए उसका लक्ष्य तारापुर को अब तक नहीं मिला है । गौरतलब है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष जिला से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य तारापुर को नहीं मिलने के कारण काफी धीमी गति से पैक्स अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के किसानों से धान अधिप्राप्ति करने का काम कर रहे हैं । इस क्षेत्र के अधिकतर किसानों को शुरूआती दौर में ही रब्बी बुआई के कारण खुदरा बाजार में उन्हें औने -पौने भाव में धान बेचना पड़ता है । किसानों में कर्मवीर भारती ने बताया कि रब्बी फसल को लेकर लोगों को उन्नत बीज , डीएपी , एवं रसायनिक यूरिया ,खाद सहित खेत जुताई के लिए किसानों ने धान कटते ही 15 से 16 सौ रुपए प्रति क्विंटल की रेट से ही उन्हें खुदरा बाजार में धान बेचने पर किसानों को मजबूर होना पड़ता है । इधर किसान जलधर यादव , नीतीश कुमार निराला ,खुदिया ने बताया कि 15 नवंबर से पैक्स धान अधिप्राप्ति का काम शुरू कर दिया है। हालांकि तारापुर संग्रामपुर एवं असरगंज के क्षेत्र में धान की कटनी 75 प्रतिशत करने के लिए बचा हुआ है । जानकार बताते हैं कि धान की खरीदारी में तेजी तब शुरू होती है , जब क्षेत्र के मध्यमवर्गीय किसान एवं मजदूरों को आधा से अधिक धान उन्हें काफी कम कीमतों पर छोटे छोटे व्यापारियों से वह बेच चुके होते हैं । इधर पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने प्रेस को बताया कि शनिवार के दिन बिहार के डिप्टी रजिस्ट्रार सह धान अधिप्राप्ति नोडल पदाधिकारी शंभू नाथ सिंह पटना से चलकर तारापुर के अफजलनगर पैक्स गोदाम पर पूर्व से मौजूद प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी गौतम पटेल की मौजूदगी में किसानों से लिए जा रहे धान को लेकर पैक्स गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कागजात सहित अन्य सभी चीजें सही मिला पाया गया ।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की धर्मपत्नी और पूर्व सांसद मनोरमा सिंह का निधन, कांग्रेस ने जताया शोक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर सिंह की धर्मपत्नी और पूर्व सांसद मनोरमा सिंह का आज पटना में निधन हो गया। मनोरमा सिंह के निधन से जमुई जिला और कांग्रेस पार्टी ने एक सशक्त नेतृत्वकर्ता और समाजसेविका को खो दिया है। इस दुखद घटना पर जिला कांग्रेस कमेटी और कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दाह संस्कार की जानकारीः मनोरमा सिंह का अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को पटना के दीघा घाट पर किया जाएगा। सुबह 9 बजे उनका पार्थिव शरीर उनके पटना स्थित निवास से निकाला जाएगा और सदाकत आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद दीघा घाट पर उनका दाह संस्कार होगा। कांग्रेस नेताओं की श्रद्धांजलिः जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि मनोरमा सिंह का सादगीपूर्ण जीवन और प्रेरणादायक विचार हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने मनोरमा सिंह को जमुई जिले की माता तुल्य बताया और कहा कि उनका जाना अपूरणीय क्षति है। मनोरमा सिंह के निधन पर बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. समीर कुमार सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनोरमा सिंह जी का सादगीपूर्ण और प्रेरणादायक जीवन हमें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनके विचार और योगदान को सदैव याद किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें। वहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, डॉ० राजीव कुमार सिंह ने इस घटना को व्यक्तिगत क्षति बताया और कहा कि मनोरमा सिंह ने समाजसेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। शोक व्यक्त करने वाले प्रमुख नेताः मनोरमा सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, दिवाकर सिंह, धर्मेंद्र गौतम, नन्नू जी, सुधीर कुमार सिंह, अशोक दास, रामेश्वर यादव, मनोज उपाध्याय, अरुण मिश्रा, सफात अंसारी, और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल रहे। जमुई की जनता के लिए अपूरणीय क्षतिःमनोरमा सिंह के निधन से जमुई ने एक ऐसी नेत्री को खो दिया है, जिन्होंने हमेशा समाज और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए काम किया। कांग्रेस पार्टी ने इसे जमुई और बिहार के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति बताया। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल दें।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हेतु शिविर का होगा आयोजन आज

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। प्रखंड विकास पदाधिकारी बरियारपुर श्वेता कुमारी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी मुंगेर के निदेशानुसार बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र के मुख्यमंत्री कन्या योजना लाभ हेतु प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन आज किया जाएगा। इस शिविर में वैसे लाभुक जो अब तक मुख्यमंत्री कन्या योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। वही आवेदन शिविर में आरपीएस के माध्यम से आवेदन जमा करेंगे किया जाएगा।आवेदन के साथ बीपीएल कार्ड तथा सूची की छायाप्रति, अन्यथा आय प्रमाण पत्र 60000 रुपए तक बना हुआ होना चाहिए जो अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।

# सिमुलतला आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु पीटी परीक्षा में बच्चों ने पाई सफलता, परिजनों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता






जमुई/ ई०अलीगंजः- जमुई जिला के सिमुल्तला आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु पीटी परीक्षा लिया गया था, जिसका रिजल्ट शनिवार को जारी किया गया है।, जिसमें ई०अलीगंज प्रखंड से महिमा कॉन्सेप्ट स्कूल के छात्र शिवम कुमार एवं डीएमसी कोचिंग सेंटर के आनंत राज ने पीटी परीक्षा में पाई सफलता, शिक्षक सहित परिजनों में खुशी का लहर।

बतातें चलें कि प्रखंड के पुरसंडा पंचायत के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ों की गोद में बसा बालाडीह गांव के महिमा कांसेप्ट स्कूल बलाडीह के एक बच्चों ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश पीटी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गांव सहित स्कूल का नाम रौशन किया है ।,महिमा कांसेप्ट स्कूल के निदेशक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोदवरिया गाँव निवासी राजेश प्रसाद यादव के पुत्र शिवम् कुमार रौल नंबर 2260461 ने सिमुलतला विद्यालय प्रवेश पीटी परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर स्कूल एवं गांव का मान बढ़ाया है।,प्राचार्य ज्योति मनी ने कहा की इससे पूर्व भी हमारे स्कूल से नवोदय,सैनिक स्कूल सहित हर वर्ष अन्य परीक्षाओं में अपने प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है।,इस सफलता से अभिभावकों के अटूट विश्वास, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, लगन और गहन अध्ययन से अपने गांव एवं स्कूल का नाम रौशन कर अभिभावक सहित शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बच्चे मन के सच्चे होते है उन्हें जिस अनुरूप ढालेंगे वैसा वह बनेगा, वहीं महिमा कांसेप्ट स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार ने कहा की हमें विशेषकर अभिभावकों सुदूर ग्रामीण इलाको में छोटे से गांव एक छोटा सा विद्यामंदिर कर जो सपना दिखे थे वह पूरा होते दिख रहा इसके लिए हमारे अटूट परिश्रम शिक्षक की मेहनत एवं बच्चो की लगन से यह सफलता प्राप्त हुआ,उन्होंने बताया की शिवम्कुमार अभी पीटी का परीक्षा पास किया है, 20 दिसंबर को पटना बोर्ड में मेंस की परीक्षा में सम्मिलित होगा, हम लोग की आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि इस परीक्षा में भी वह सफलता हासिल कर स्कूल सहित गांव का नाम रोशन करेगा,

# मारपीट में गिरफ्तार आरोपी ने भी दर्ज कराया प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बैजला गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में गिरफ्तार हुए ईश्वर यादव की ओर से भी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज आवेदन में ईश्वर यादव ने बताया कि 4 दिसम्बर को मेरा भतीजा पिंटु यादव के साथ हसी मजाक के क्रम में तू तू मै मै हुआ जिसके बाद लोगों ने मामला शांत करवाते हुए हमदोनो को अलग किया। गुरुवार को मैं खजूर का पत्ता घोरान घेरने के लिए ला रहा था और पिंटु के घर के पास आया तो मोहनपुर के रहने वाले श्रवण यादव, पिंटु यादव, मृतक बहादुर यादव की पत्नी बिंदु देवी, पिंटु की पत्नी एवं अन्य 5-6 अज्ञात लोग लाठी डंडा और लोहे के रॉड से मारने के लिए दौड़ा जिसमे भागने के दौरान मेरा सिर फट गया और बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा, जब होश आया तो पता नही चला कि पिंटु या बहादुर के रॉड से चोट लगा। ईश्वर ने दर्ज आवेदन में बताया कि श्रवण के हाथ मे रखे रॉड से मुझे और भतीजा को चोट लगा है। उसने आगे बताया कि श्रवण आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई भंग, पुनर्गठित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)।शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर का पुनर्गठन झील पथ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिला संयोजक अंकित जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही छात्र हित के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रहित में अग्रणी रही है। हम लोगों को विद्यार्थी परिषद से जुड़ने में गर्व महसूस करनी चाहिए। निवर्तमान नगर सह मंत्री राजीव आनंद, नितेश मिश्रा एवं सोनू झा ने विगत एक वर्ष में संगठन द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंच संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने किया एवं गत वर्ष के कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल का निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दी। निवर्तमान नगर सह मंत्री राजीव आनंद ने पुरानी इकाई को भंग किया पुनः जिला संयोजक अंकित जायसवाल, शुभम केसरी एवं सत्यम कुमार निराला ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में हरि सिंह महाविद्यालय के हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डा.प्रियंबदा शर्मा को मनोनीत किया गया।नगर मंत्री के लिए सौरभ झा की घोषणा की गई। नगर उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र साहा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अजय कुमार एवं प्रिंस रतन जी को बनाया गया वहीं नगर सह मंत्री के रूप में विकास कुमार सिंह पिंकेश कुमार सक्षम कुमार एवं प्राची बंधु मनोनीत हुए ।नगर एस एफ डी के रूप में सचिन कुमार,एसएफएस संयोजक के रूप में शुभम भारद्वाज नगर सह एसएफएस संयोजक सचिन कुमार,नगर कोषाध्यक्ष आर्यन केसरी,सोशल मीडिया प्रमुख सोनू केसरी एवं सह सोशल मीडिया के रूप में अमन कुमार की घोषणा की गई। छात्रा प्रमुख मोनी कुमारी एवं सह छात्रा प्रमुख का दायित्व खुशी कुमारी को सौंपा गया। खेलो भारत प्रमुख श्रेयांश कुमार एवं कला मंच प्रमुख मोनिका कुमारी को बनाया गया वही कार्यकारिणी में सैलाब झा, मोहित कुमार,आशीष केसरी, माधव कुमार,विवेक कुमार,सुभाष को शामिल किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर मंत्री वर्तमान में वार्ड पार्षद विक्की रॉय मौजूद थे।

# दो सप्ताह के अंदर ठगी गई जमा धनराशि को यदि नहीं लौटाया गया तो होगा आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन : केशरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । जॉलीवुड निवेशकों की एक आपात बैठक संजय केशरी की अध्यक्षता में पोलो मैदान में आयोजित किया गया।इस आपात बैठक में महाठग जीतेन्द्र कुमार राजीव द्वारा कोर्ट में सरेंडर करने के दस दिनों के बाद भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित निवेशकों को संबोधित करते हुए सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता संजय केशरी ने जीतेन्द्र कुमार को तत्काल रिमांड पर लेने की मांग करते हुए ऐलान किया कि अगर दो सप्ताह के अंदर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए जमाराशि वापस नहीं दिलाई जाएगी तो तेईस दिसंबर को शहीद स्मारक के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निवेशकों की डूबी हुई जमाराशि दिलाने के लिए जरुरत पड़ी तो जेल भरो अभियान एवं आमरण-अनशन भी किया जाएगा। श्री केशरी ने आगे कहा कि योग्य आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के नेतृत्व में मुंगेर पुलिस अगर चाह ले तो पाताल से भी फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करके वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए एक महीने के अंदर निवेशकों की जीवन भर की जमा-पूंजी को वापस दिला सकती है। इस अवसर पर मोहम्मद तालिब हुसैन, रवि रंजन, कुमार दयानंद उर्फ बीरु, राजेश विश्वकर्मा, अरुण कुमार गुप्ता, मनोज साहू, चन्दन यादव, विजय गोपाल, अमन कुमार, बबलु पंडित, रवि गुप्ता एवं प्रेम कुमार सहित अनेकों निवेशक उपस्थित थे।

# मगही सुपरस्टार गायक रोशन रोही के रिहाई के लिए पुतला दहन एवं धरने की दी चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता



झाझा/जमुई : झाझा में मगही सुपरस्टार गायक रोशन रोही के समर्थकों ने उनके न्याय के लिए विरोध प्रदर्शन किया। योगगुरु सुनील यादव के नेतृत्व में रोशन रोही को जेल भेजने वाली उनकी कथित प्रेमिका का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और न्यायालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गायक की रिहाई की मांग की। योगगुरु सुनील यादव ने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर रोशन रोही को न्याय नहीं मिला, तो वे उनके घर जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे और संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे रोशन रोही की रिहाई तक शांत नहीं बैठेंगे। इस घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने गाना गाकर और नारेबाजी के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया। रोशन रोही के समर्थकों ने न्यायालय और प्रशासन से अपील की कि गायक को जल्द से जल्द न्याय दिलाया जाए।

सम्पादकीय

## दावों और हकीकत के बीच भ्रमित समाज


बावजूद इसके कि मेडिकल साइंस काफी तरक़्क़ी कर चुकी है और नित्य होने वाले अनुसंधानों ने लगभग सभी रोगों के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी दिये हैं। यहाँ तक कि कैंसर नामक सबसे घातक बीमारी के क्षेत्र में भी हुये अनेक नए शोध व अनुसंधानों ने कैंसर के मरीजों के इलाज में भी सकारात्मक परिणाम हासिल किये हैं। उसके बावजूद अभी भी कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक व जानलेवा मर्जों के रूप में गिना जाता है। निश्चित रूप से कीमियो/थेरेपी में निरंतर आ रहे सुधारों की कारण बचपन में होने वाले कैंसर के बाद जिंदा रहने वालों की दर में बढ़ोतरी हुई है। यह अमेरिका में अब औसतन 80% या उससे ज्यादा है। हालांकि, दूसरे कैंसर के मामलों में रोग का निदान न होने से हालात अब भी बेहतर नहीं हुए हैं। यही वजह है कि अभी भी वैज्ञानिक कैंसर की आनुवंशिक वजहों और कैंसर कोशिकाओं के खास लक्षणों के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश में जुटे हैं। खासतौर पर जब कोई मरीज चौथे स्तर के कैंसर से जूझ रहा होता है तो उसके स्वास्थ्य सुधार की संभावना बेहद कम हो जाती है। परन्तु हमारे देश में इस खतरनाक मर्ज का इलाज करने के लिये भी विभिन्न स्तरों पर तरह तरह के दावे पेश किये जाते हैं। कैंसर का इलाज निश्चित रूप से मंहगा इलाज है। इसलिये जब किसी गरीब परिवार का सदस्य कैंसर का शिकार हो जाता है और वह धनाभाव के चलते इसका मेडिकल उपचार नहीं करा सकता तो ऐसे गरीब लोगों का इलाज करने के नाम पर लोगों का नेटवर्क पूरे देश में सक्रिय है। कोई जड़ी बूटियों से कैंसर का इलाज करने का दावा करता है तो कोई गोमूत्र या इससे बनी दवाइयां बताकर अपना धंधा चला रहा है। कोई झाड़फूंक में कैंसर का निदान बताता है। हमारे देश में तमाम अनपढ़ अशिक्षित किस्म के लोग और वैद हकीमी का दावा करने वाले अनेकानेक नीम हकीम कैंसर से जूझने वाले मरीजों को गुमराह करने में लगे रहते हैं। इन्हीं मरीजों में कई ऐसे भी होते हैं जो धन संपन्न होने के कारण अपना मेडिकल इलाज भी कराते रहते हैं साथ ही अपने विश्वास के अनुरूप अन्य तरीके के इलाज भी करते रहते हैं। दरअसल आज भी देश का एक बड़ा वर्ग जोकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है, जिसके कारण मरीज अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने के बजाय हर्बल नुस्खों का सहारा लेते हैं। ह्ल परन्तु ऐसे मामलों में दिक़्क़त तब खड़ी हो जाती है जब एलोपैथी के ईलाज से स्वास्थ्य लाभ पाने वाला मरीज अपने आरोग्य लाभ का श्रेय एलोपैथी प्रणाली या मेडिकल साइंस को देने के बजाये अन्य देसी इलाजों या उपायों अथवा प्रकृतिक स्त्रोतों को देने लगता है। खासकर समाज के लिये उस समय असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जब इस तरहके दावे किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति, जनप्रतिनिधि अथवा यशस्वी व्यक्ति द्वारा किये जायें। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा अपने अमृतसर स्थित आवास पर एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस बुलाकर यह दावा किया गया कि -ह्लउनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू जोकि खुद भी एक डॉक्टर हैं, ने अपने आहार में कुछ चीजें शामिल करके स्टेज चार के लाईलाज कैंसर जैसे मर्ज पर काबू पा लिया है। सिद्धू ने यह घोषणा की कि उनकी पत्नी अब कैंसर से मुक्त हो चुकी हैं। सिद्धू के अनुसार चूंकि उनकी पत्नी के आहार में नींबू पानी, कच्ची हल्दी, सेब का सिरका, नीम की पत्तियां, तुलसी, कद्दू, अनार, आंवला, चुकन्दर और अखरोट जैसी चीजें शामिल थीं, जिससे वह स्वस्थ हो गईं। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में किये गये सिद्धू के इन दावों के बाद से ही यह सवाल उठने लगा था कि क्या कच्ची हल्दी, नींबू पानी और नीम की पत्तियों जैसी साधारण आयुर्वेदिक चीजों से भी कैंसर जैसे मर्ज से मुक्ति पाई जा सकती है? सिद्धू की इस आत्मविश्वास पूर्ण प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर सिद्धू के दावों को लेकर बहस छिड़ी तो आखिरकार टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के 262 कैंसर विशेषज्ञों समेत अनेक पूर्व कैंसर विशेषज्ञों को सामने आना पड़ा। इन सभी कैंसर विशेषज्ञों ने सिद्धू के दावों से पूरी तरह असहमति जताई और कहा कि इन बयानों का समर्थन करने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। इन कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील भी की कि वे अप्रमाणित उपचारों का पालन न करें और अपने इलाज में देरी न करें। बल्कि, यदि किसी को अपने शरीर में कैंसर के कोई भी लक्षण महसूस होते हैं, तो उनको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। और यह सलाह भी एक कैंसर विशेषज्ञ से लेनी चाहिए।

## बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता

वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारु रूप से संचालन करूंगी। यह वक्तव्य आते ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचन्द्र पवार) के मुखिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मंशा का स्वागत करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का रुख आक्रामक है। उन्होंने कई लोगों को खडा किया है। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। ममता बनर्जी में इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। समाजवादी पार्टी ने भी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया की बात का समर्थन किया। पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वे एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अपने सुप्रीमो लालू यादव को गठबंधन का नेता बनाये जाने की वकालत की। श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट तो लालू प्रसाद यादव हैं, जिनकी पहल पर ही पटना में इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इन वक्तव्य श्रंखलाओं के मध्य कांग्रेस के इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी एक बडी नेता के रूप में हैं परन्तु राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। वहीं कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है, हम तो कांग्रेस के कहने पर चलते हैं। वास्तविकता तो यहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इण्डिया गठबंधन तैयार किया था किन्तु हाल में सम्पन्न हुए चुनावों के परिणामों से लेकर नेताओं की अपनी महात्वाकांक्षाओं तक के समुच्चय ने इसमें दरार डालना शुरू कर दिया है। राजनैतिक गलियारे में ममता के बयान से पिघलते राजनैतिक लावे को ठंडा करने की गरज से एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुनाल घोष ने अपनी नेता के बयान को तोडमरोड कर पेश करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर मीडिया को कटघरे में खडा कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का फोकस पूरी तरह से पश्चिम बंगाल के विकास और जनता के कल्याण पर है अगर इण्डिया गठबंधन उनसे नेतृत्व की मांग करता है, तो वह कोलकता से ही नेतृत्व करेंगी। उन्हें दिल्ली आने की कोई जरूरत नहीं है। वाक्य संदेशों के माध्यम से चल रहे इण्डिया गठबंधन के आन्तरिक युध्द में शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) ने एक अलग ही मोर्चा खोल दिया। पार्टी के एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने विध्वंस होती बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का वक्तव्य सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जिसमें लिखा हुआ था कि मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया है। पोस्ट होते ही महाविकास अघाडी के साथ जुडी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख तथा मानखुर्द शिवाजीनगर के विधायक अबू आजमी ने कहा कि शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) की तरफ से बाबरी मस्जिद को गिराये जाने के लिए लोगों को बधाई देते हुए एक अखबार में विज्ञापन दिया गया था। इतना ही नहीं उध्दव ठाकरे के सहयोगी ने मस्जिद को ढहाये जाने की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट भी किया है,

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत

**आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे। यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी।**





**डॉ. आर.के.सिन्हा**

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद**

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है। झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय हैः पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है, जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है। महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है। हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है। शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं। यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है।

# बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें

**बांग्लादेशी चिल्ला-चिल्ला कर पाकिस्तान का नाम तो ले रहे हैं। लेकिन अगर थोड़ा इतिहास पढ़ा होता तो अफगानिस्तान नजर आता, जहाँ पाकिस्तान ने दखल दी। तालिबान खड़ा किया और अफगानिस्तान को बर्बाद कर दिया। अगर बांग्लादेश अब भी इस साज़िश को नहीं समझ पाया...तो शायद बांग्लादेश को दूसरा अफगानिस्तान कहा जाएगा। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है।**






**प्रियंका सौरभ**

**लेखक**

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक स्तर पर चिंता की लहर बढ़ती जा रही है। ब्रिटेन की संसद तक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब अमेरिका में भी इसके खिलाफ राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस के करीब बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। इसके बावजूद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों से लेकर चीन-पाकिस्तान तक के दबाव में अपना भारत विरोधी एजेंडा छोड़ने को तैयार नहीं है। अब यूनुस सरकार ने एक और ऐसा कदम उठाया है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ किए गए मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े एक समझौते को रद्द कर दिया है। इस समझौते से भारत अपने नॉर्थईस्ट राज्यों में इंटरनेट की स्पीड और कवरज बढ़ाने की जुगत भिड़ा रहा था, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हमलों के बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई बांग्लादेश में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों में से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार करने में जुटी हुई है। बांग्लादेश में हिंदुओं की एथेनिक क्लींजिंग चल रही है। 53 साल बाद पाकिस्तान बांग्लादेश को हथियार भेज रहा है। खालिदा ज़िया और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच मुलाकातें भी हो रही हैं। बांग्लादेश में वही हो रहा है जो पहले बाबर ने किया फिर कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुआ। दरअसल पाकिस्तान बांग्लादेश का इस्तेमाल करते हुए भारत को टारगेट कर रहा है। वह भी 3 तरफ से। पाकिस्तान का पहला शिकार बांग्लादेशी हिंदू, जिनपर इतने अत्याचार हो रहे है कि हर परिभाषा छोटी पड़ जाए. दूसरा हिस्सा है बांग्लादेशी फौज को मदद, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलना चाहता है और तीसरा भारतीय सामानों का बहिष्कार...ताकि भारत को आर्थिक चोट पहुँचे। बांग्लादेश ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और त्रिपुरा (अगरतला) में अपने शीर्ष राजनयिकों को ह्यपरामर्शह्ल के लिए वापस बुलाया है। वहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की फोटो नोटों से भी हटा दी गई है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट इलाके के कई राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के दौरान एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत बांग्लादेश का उपयोग रीजनल डिजिटल हब के तौर पर किया जाना था, जिसमें बांग्लादेशी सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर नॉर्थ ईस्ट राज्यों में डेटा ट्रांसमिशन के लिए ह्यबैंडविड्थ ट्रांजिटह्ल सुविधा देनी थी। यह काम भारती एयरटेल को बांग्लादेशी कंपनियाँ समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम के साथ मिलकर करना था। यह प्रस्ताव इन कंपनियों ने बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन के सामने पेश किया गया था, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी। यूनुस सरकार ने अब इस समझौते की सैद्धांतिक मंजूरी खत्म कर दी है। इसे रद्द करने का आदेश जारी करते हुए इससे बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने का तर्क दिया है।

हालांकि यह फैसला केवल भारत विरोधी नहीं है। दरअसल इस ट्रांजिट लिंक को तैयार करने के लिए एयरटेल के साथ जुड़ी कंपनी समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान का शेख हसीना की अवामी लीग से भी नाता है। वे अवामी लीग के सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यह भी यूनुस सरकार के फैसले का कारण माना जा रहा है। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की भीड़ ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि ढाका के नमहट्टा स्थित इस्कॉन मंदिर में चरमपंथियों की भीड़ ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि नमहट्टा के मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात चरमपंथी मुस्लिमों ने हमला करने के बाद सारी मूर्तियों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी है। पूरा मंदिर जला दिया गया है। ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गाँव में स्थित है। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ अमेरिका में भी चिंता जताई गई है। भारतीय मूल के अमेरिकियों ने इसके खिलाफ वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के करीब और शिकागो में अगले दो दिन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह प्रोटेस्ट मार्च हिंदू एक्शन संगठन की तरफ से व्हाइट हाउस के पास ह्यबांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहारह्ल नाम से सोमवार को आयोजित होगा, जबकि रविवार को शिकागो में ह्यनरसंहार रोकेंः बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएंह्ल के नाम से किया जाएगा। इनमें अमेरिका के नामी-गिरामी भारतीय लीडर मौजूद रहेंगे। बांग्लादेश की धरती पर कट्टरपंथियों के दबाव में फंसी मुहम्मद यूनुस सरकार ने अब पाकिस्तान को खुलकर मनमानी करने की छूट दे दी है। इससे वहाँ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एक्टिव हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में पाकिस्तान रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी बना रहा है। इन रोहिंग्या आतंकियों को भारत में हमले करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज से 53 साल पहले लाखों बांग्लादेशियों ने...पाकिस्तान के क्रूर शासन से आजादी के लिए कुर्बानी दी थी। लेकिन वह कुर्बानियाँ अब कब्र में दफ्न कर दी गई हैं...और बांग्लादेशी कट्टरपंथी पाकिस्तान को अपना रहनुमा मानने लगे हैं।

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**डॉ सत्यवान सौरभ**

ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए ह्यडार्क नेटह्ल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है। व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त निबंधक के पदाधिकारी ने पैक्स गोदामों का औचक निरीक्षण एवं जांच किया

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा। प्रखंड के परसा उत्तरी व पारसा दक्षिणी के पैक्स गोदामों धान अधिप्राप्ति का औचक निरीक्षण पटना से पधारे संयुक्त निबंधक सहयोग समितियों अंकेक्षण कामेश्वर ठाकुर एवं सैयद मसरूफ आलम के अलावे सारण प्रमंडल के जिला सहकारिता पदाधिकारी सुधीर कुमार व दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से इन अधिप्राप्ति एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया इस दौरान पैक्स अध्यक्षों के द्वारा किसानों से पृक्षा किया गया कि किसानों को संत प्रतिशत भुगतान का जांच पड़ताल किया गया जहां जांच के उपरांत सभी सही पाई गई ।इस दौरान पदाधिकारी ने अध्यक्षों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को किसने तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने के बात कहीं ।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार प्रसाद एवं गणेश महतो के अलावा दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### दो वाहन के आपसी टक्कर में पांच लोग जख्मी

बनियापुर ।बनियापुर एन एच 331 पर कन्हौली के समीप बोलेरो कार के आपसी टक्कर मे पांच लोग जख्मी हो गए।जहा पुलिस ग्रामणो के सहयोग से स्थानीय रेफरल अस्पताल मे पहुंचाया । घटना के संबंध मे बताया गया कि उक्त घटना कन्हौली संग्राम नहर के समीप बोलेरो और कार मे आपसी टककर हो गयी,जिसके बाद आंशि-क रूप से जख्मी सभी जख्मियों को रेफरल अस्पताल मे इलाज कराया गया,वही सरेया गाव निवासी ड्राइवर को पुलिस द्वारा कारवाई के बाद छोड़ दिया गया।

### धोखाधड़ी के मामले के नामजद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मौजेगोआ निवासी धोखाधडी सहित अन्य मामले के नामजद फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार के जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया है कि मौजेगोवा निवासी पंकज कुमार पाण्डेय धोखधड़ी सहित कई अन्य मामले मे थाना कांड संख्या 53/19 का प्राथमिक अभियुक्त था ,जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### चोरी के सम्मान के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

परसा। शुक्रवार व शनिवार ली मध्य रात्रि में चेतन परसा गाव निवासी हरिनारायण राय के किराये के मकान में रह कर आर्केस्ट्रा संचालित किया जा रहा थी.उसी मकान में डीजे बाजा मशीन रखा हुआ था.चोरो द्वारा चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है.जिसको लेकर कोलकाता के हुगली जिला के भदेश्वर थाना क्षेत्र के गोआल पारा अंग्स निवासी साबरा बीबी द्वारा परसा थाने में लिखित आवेदन देकर डेरनी थाना क्षेत्र के पुरदिलपुर गाव निवासी सुदामा राय का पुत्र गोलू कुमार समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराया था.दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कड़ते हुए 2 घन्टे के अंदर 2 इमलीफायर मशीन को फिरोजपुर से गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त विकास के घर से जप्त करते हुए एक नामजद अभियुक्त समेत तीन चोरो को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार चोरों में डेरनी थाना क्षेत्र के पुरदिलपुर गाव निवासी सुदामा राय का पुत्र गोलू कुमार,अप्राथमिकी अभियुक्त भेल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखी गाव निवासी राधेश्याम राय का पुत्र गोलू कुमार उर्फ धीरज कुमार एवं फिरोजपुर गांव निवासी राजू ठाकुर का पुत्र विकास कुमार बताया जाता है इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि तीनों चोरों पर कार्रवाई करते हुए रविवार की दोपहर जेल भेज दिया गया है.

### बिजली चोरी के मामले मे प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

परसा।थाना क्षेत्र के पचलख बिजली चोरी के मामले में कन्या अभियंता हरिशंकर पासवान ने परसा थाने में लिखित आवेदन देकर एक महिला समेत दो लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है. दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि थाना क्षेत्र के पचलक गाव निवासी दुर्गा राय का पुत्र रामेश्वर राय एवं गिरधर राय की पत्नी शांति देवी पर बिजली चोरी के मामला दर्ज कराया गया है.रामेश्वर रॉय, शांति देवी इन दोनों पर 36965-36965 रुपए का फाइन किया गया है.पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

# युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं, शिक्षा और सोच की बदौलत बिहार बदल सकता है: विकास वैभव

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। बिहार के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, सोच बदलने की जरूरत है, शिक्षा से ही बदलाव संभव है, देश में नौकरी की दायरा सीमित है, उद्यमिता और उद्योग जगत को बढ़ावा देने की जरूरत है ' यह बातें पुलिस सेवा के आईपीएस विकास वैभव ने नमस्ते बिहार कार्यक्रम के तहत राजेंद्र स्टेडियम के मैदान में वृहद चतुर्थ जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही ' बता दें कि तीन जिलों में नमस्ते बिहार कार्यक्रम की सफलता के बाद आज सारण के राजेंद्र स्टेडियम के सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ' विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में पिछड़ेपन के कारण युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था का भी अभाव है, ऐसे में शिक्षाऔर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पिछड़ेपन के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं, राजनीति में अच्छे लोगों की भी कमी है, बिहार जातीयता से ग्रसित हो चुकी है ' उन्होंने खासकर युवा वर्गों से सोच बदलने की जरूरत पर जोड़ देते हुए कहा कि संकल्प के साथ शिक्षा के बल पर बिहार में बदलाव संभव है ' आईपीएस ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बिहार के युवाओं में ऊर्जा की कमी नहीं है, अपने मन से नकारात्मक सोच को बाहर करते हुए हर युवा को बिहार में बदलाव के लिए आगे आना होगा ' आईपीएस ने सारण की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह धरती स्वतंत्रता सेनानिओं और महापुरुषों की धरती रही है, देश को आजाद कराने में उनकी भूमिका अहम रही है, ऐसे महापुरुषों से सीख लेने की जरूरत है ' उन्होंने कहा कि नमस्ते बिहार के संदेश को समझिए, हर व्यक्ति में बदलने की ताकत है, आत्मा में ही परमात्मा का अंश है, हर बिहारी,हर युवा वर्ग सोच को बदलकर अपनी प्रतिभा और ऊर्जा की बदौलत विकसित बिहार के सपना को साकार कर सकता है, और स्टार्टअप उद्यमिता के क्षेत्र में क्रांति लाने में भूमिका निभा सकता है ' विकास वैभव ने मंच से संबोधित करते हुए सभी युवाओं से कहा कि आज इस मंच से संकल्प लेने की जरूरत है, मैं बदलूंगा बिहार, मैं करूंगा अपने पूर्वजों के भूमि का पुनरुत्थान ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपीयू के कुलपति परमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि वर्तमान परिवेश में गांव-गांव तक स्कील की जरूरत है ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्किल का दायरा बहुत बड़ा है, इसमें बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर हैं ' नमस्ते बिहार कार्यक्रम को एमएलसी सच्चिदानंद राय, छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, औरंगाबाद से आए समाजसेवी लौ कुमार सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए इस अभियान की प्रशंसा किया ' इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आईपीएस वैभव के विचार को केंद्रित कर इस अभियान को आगे बढ़ाने की जरूरत है ' उद्यमिता के क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं ' इन्होंने इथनॉल उत्पादन पर भी जोर देते हुए कहा कि इसमें भी युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे ' वक्ताओं ने नमस्ते बिहार को संबोधित करते हुए कहा कि सारण की धरती क्रांतिकारी धरती है, इस मुहिम को हम आगे बढ़ाएंगे, और परिवर्तन होकर रहेगा ' इन वक्ताओं ने कहा कि विकास वैभव ने अपने कार्य क्षेत्र में रहकर परिवर्तन कर दिखाया है, इनमें स्वार्थ की भावना नहीं है ' वक्ताओं ने यह भी कहा कि बिहार विकसित होगा, तभी भारत विकसित होगा ' वक्ताओं ने गुरुकुल की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए अमल में लाने की जरूरत पर बल दिया ' इस कार्यक्रम में डॉ लाल बाबू यादव, मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय, रिविलगंज प्रमुख राहुल सिंह, सच्चिदानंद ओझा, मोहन कुमार झा गुजरात, राजेश सिंह रोहतास,जीएम अंसारी, चांदनी प्रकाश, सीमा सिंह, अरुण मीणा, खुशबू ठाकुर, रागिनी, यश उपाध्याय सहित इस अभियान से जुड़े कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे ।

# कार्यकर्ता ही जदयू की रीढ़: सुधाकर भारद्वाज





प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। रामजयपाल कॉलेज में आयोजित जदयू जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ, इससे पहले सुधाकर भारद्वाज हजारों कार्यकताओं के साथ नगरपालिका चौक से पैदल मार्च करते हुए रामजयपाल कॉलेज पहुँचे, इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में सुधाकर भारद्वाज ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी ताकत के बल पर 2025 में जदयू और एनडीए के उम्मीदवारों को हर सीट पर विजयी बनाकर बिहार के विकास में अहम भूमिका निभाई जाएगी. सुधाकर भारद्वाज ने जोर देकर कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही असली ताकत हैं जो जमीनी स्तर पर जनता के बीच काम करते हैं और पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हैं, उन्होंने कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए प्रेरित किया और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा. सुधाकर भारद्वाज ने सम्मेलन के दौरान मंच का संचालन कुशलता से किया गया और नेताओ का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने भी अपने विचार साझा किए और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा की. सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी की मजबूती के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की.

# जूनियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। अख्तियारपुर गड़खा में सारण जिला जूनियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया आज सुबह मैच का उद्घाटन सुधांशु रंजन राजेडी नेता एवं डॉ ओंकार नाथ एम डी ने किया आज का मैच दहियावां क्रिकेट अकादमी बनाम डब्लूसीए क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दहियावां क्रिकेट अकादमी 30 ओवर में सभी विकेट पर 177 रन बनाए जिसमें रंजन राय 66 प्रिंस सिंह 21 सोहन 11 रियाज 11 शिवम 10 रनों का योगदान दिया गेंदबाजी करते हुए डब्लूसीए क्रिकेट अकादमी के तरफ से आदित्य 2 देवा 2 रचित 2 दीपांशु 1 मोहित 1 विशेष 1 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी डब्लूसीए क्रिकेट अकादमी 29.1 ओवर 8 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया जिसमें मोहित सिंह 45 अंकुर राज 37 रिषभ 19 हार्दिक 15 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए दहियावां क्रिकेट अकादमी के तरफ से सचिन 3 राज गौरव 2 अनूप 1 शिवम 1यह मैच हउअ क्रिकेट अकादमी ने दहियावां क्रिकेट अकेडमी को 2 विकेट से हराया और कप पर कब्जा किया मैन ऑफ द मैच मोहित सिंह को दिया गया वही मैन ऑफ द सीरीज दहियावां क्रिकेट अकेडमी के पियूष तिवारी को दहियावां क्रिकेट अकेडमी के कोच कुन्दन शर्मा के द्वारा स्मार्ट फोन दिया गया आज के मुख्य अतिथि सुधांशु रंजन राजेडी नेता विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष प्रियदर्शी

जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा सारण एवं अजय सिंह जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष गड़खा को सारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्रीमती इन्दु कुमारी एवं संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा ने शॉल और माला पहननाकर सम्मानित किया वही आयोजन संयोजक साहिल पांडे ने सारण जिला क्रिकेट संघ के सभी सदस्य को सॉल और माला पहनाकर स्वागत किया विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी डॉ संतोष प्रियदर्शी

जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा सारण एवं अजय सिंह जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष गड़खा सारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्रीमती इन्दु कुमारी पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी बिहार पूर्व उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा राजन प्रसाद यादव अजय शर्मा खालिद राजू ने दिया इस अवसर सारण जिला क्रिकेट संघ की अध्यक्ष श्रीमती इन्दु कुमारी पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी विभूति नारायण शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष बिहार अजय शर्मा खालिद राजू कुन्दन शर्मा पर साहिल पांडे नीतीश कुमार सुधीर पांडे शिवम् कुमार गुलशन कुमार मनोज पांडे सोनू कुमार गुड्डू यादव इत्यादि लोग मौजूद थे इसकी जानकारी सारण सारण जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव चन्दन शर्मा ने दी।

# सर्किट हाउस में बैठक आयोजित





शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने एनडीए के सभी पांचों जिलाध्यक्ष के साथ सर्किट हाउस छपरा में बैठक कर निर्देश दिया है कि एनडीए का जिला से लेकर पंचायत स्तर तक एक कोर्डिनेशन कमिटी का गठन किया जाएगा।जो भी एनडीए का प्रत्याशी तय हो उसको मजबूती के साथ जिताने का कार्य करना है।जो लक्ष्य प्रदेश द्वारा लिया गया है उसको पूरा करने के लिए कोर्डिनेशन कैमिटी में समन्वय बहुत जरूरी है।स्कूली शिक्षा में सुधार साथ ही विश्वविद्यालय के जो भी परेशानियों है उसको सुधारने का प्रयास हो रहा है।मुख्य रूप से भाजपा जिला ध्यक्ष रंजीत सिंह ,जदयू जिलाध्यक्ष अलताफ आलम राजू,लोजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ,हम जिलाध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव ,पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ,सहित अन्य शामिल थे।

# राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल में सारण की 4 छात्रा एवं एक छात्र का चयन

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। 68 वी राष्ट्रीय विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बालक एवं बालिका अंडर 19 टीम में सारण से मुस्कान कुमारी, रिया कुमारी , मनीषा कुमारी , खुशी कुमारी एवं बालक वर्ग में विराट सिंह का चयन हुआ है। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी । उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में सारण से खेलते हुए इन सभी खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन किया था जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तरीय विद्यालय खेल हैंडबॉल के संयोजक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुस्कान , रिया , मनीषा बनियापुर प्रखंड के संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा की छात्रा है। जो कि खुशी कुमारी एवं विराट सिंह मशरक प्रखंड के राजकियकृत उ मा वि मशरक से है। सारण के चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण दोनों विद्यालय में लगातार चल रहा है।

जिला संघ के प्रधान संरक्षक विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय , अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , चेयरमैन डॉ हरेंद्र सिंह , उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह , डॉ जितेंद्र कुमार , राकेश कुमार सिंह , ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी , प्राचार्य मुकेश कुमार , अनुपमा मिश्रा , प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह , रितेश कुमार सिंह , प्रिंस कुमार सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी है। मालूम हो कि आगामी 11 से 17 दिसंबर तक पंजाब के लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार टीम के साथ खिलाड़ी 09 दिसंबर को रवाना होंगे।

# नमस्ते बिहार कार्यक्रम बिहार के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है :डॉ.गौतम

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय ।नमस्ते बिहार एक ऐसा कार्यक्रम है जो बिहार के छात्रों और युवाओं को एक मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी प्रतिभा, कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन कर सकते हैं।

उक्त बातें एच आर कॉलेज,अमनौर के प्राचार्य डॉ.पुष्प राज गौतम। ने एक मुलाकात के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं, जैसे कि भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता आदि।इसके अलावा, इस कार्यक्रम में छात्रों को बिहार की संस्कृति, इतिहास और विरासत के बारे में जानने का अवसर भी मिलता है।

डॉ.गौतम ने कहा कि नमस्ते बिहार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार के छात्रों और युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं और बिहार की संस्कृति और विरासत के बारे में जान सकते हैं।

मेरे महाविद्यालय के प्रिय छात्र छात्राओं हमारा महाविद्यालय हमेशा ओवल नंबर पर रहा है आप सभी अपनी प्रतिमा और कौशल का प्रदर्शन बिहार की संस्कृति और विरासत की जानकारी जो छात्र इच्छुक हो उसे आगे आना चाहिए। छपरा में आयोजित इस कार्यक्रम में वैसे कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है जो बधाई के पात्र है।

नमस्ते बिहार में हिस्सा लेना एक गौरव की बात है बिल्कुल! नमस्ते बिहार कार्यक्रम एक बहुत अच्छी पहल है जो बिहार के विभिन्न जिलों में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के युवाओं, किसानों, महिलाओं और अन्य समुदायों को एक मंच पर लाना है जहां वे अपनी समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को साझा कर सकें।इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार और प्रशासन को भी लोगों की समस्याओं और जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है, जिससे वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं।नमस्ते बिहार कार्यक्रम का आयोजन हर जिले में होना चाहिए ताकि सभी जिलों के लोगों को इस कार्यक्रम का लाभ मिल सके। यह कार्यक्रम बिहार के विकास और प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

बिहार के विकास के लिए यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, ह्लबिहार का विकास भारत के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैह्व य। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम बिहार के हर गांव में जाकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं और उन्हें विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# जंगल से भटकर पहुंचे नीलगाय को असामाजिक तत्वों ने शिकार बनाया

**■ वन विभाग ने वायरल वीडियो के आधार पर 9 लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी**

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा के ठकराहा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गदीयानी टोला में असामाजिक तत्वों द्वारा जंगल से भटकर रिहायशी क्षेत्र में पहुंचे नीलगाय का शिकार कर उसके मांस को आपस में बांटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।वायरल वीडियो के आधार पर वन विभाग ने पूरी घटना की जांच की, जाँच के बाद वन विभाग ने 9 लोगों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।बतादे कि वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि एक नीलगाय को शिकार करके उसके मांस को कुछ लोग आपस में बांट रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू की, बगहा रेंज के रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि वीडियो के आधार पर गदीयानी टोला के नौ लोगों को चिह्नित किया गया है, जिनमें बेचू गद्दी, आजाद गद्दी, अजहरुद्दीन गद्दी, युवरान अंसारी,असरुद्दीन गद्दी, रमजान अंसारी, महंत अंसारी, कलालू अंसारी और बाबू साहेब गद्दी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि वीडियो के आधार पर प्रभारी वनपाल कुंदन कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। साथ ही अज्ञात आरोपियों की भी पहचान की जा रही हैं ।रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि 4 तारीख को वायरल हुआ यह वीडियो वन विभाग को मिलने के बाद जांच की गई, और घटना सत्य पाई गई।वन्य जीवों के शिकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# रामजयपाल कॉलेज परिसर में जदयू का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन ,हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**■ प्रदेश से लेकर जिला के बीस प्रखंडों के अध्यक्ष ,पंचायत अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता हुए शामिल**

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ।रामजयपाल कॉलेज परिसर में रविवार को जदयू के जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रदेश से लेकर जिले के सभी 20 प्रखंडों के अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्षों सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए ।कार्यक्रम का अध्यक्षता अलताफ आलम राजू ने किया ।मंच संचालन सुधाकर भारद्वाज तथा धन्यवाद ज्ञापन महेश सिंह ने किया ।वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मंत्री विजय कुमार चौधरी, सुनील कुमार, शैलेश कुमार, उर्फ बुलो मंडल,विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह और विद्यासागर निषाद ने किया ।वहीं मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, की ह्लमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को एक नई दिशा दी है ।हमें उनकी नीतियों को जनता तक ले जाना है और 2025 के विधानसभा चुनाव में जदयू को और मजबूती देनी है ।वहीं अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि ह्लमुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं ।सरकार ने छात्राओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्ति, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से उन्हें प्रोत्साहित किया है ।साथ ही शैलेश कुमार उर्फ बुलों मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ ने पार्टी कार्यकताओं को एकजुट रहने का संदेश दिया ।वहीं विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और जमीनी स्तर पर जनता के साथ संवाद बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए ।साथ ही उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की मजबूती सुनिश्चित करना था ।वहीं पूर्व सांसद आशुमेक देवी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं ।वहीं प्रदेश महा सचिव मेजर इकबाल हैदर ने कहा कि सरकार में अल्पसंख्यक के हित में अनेको कार्य किया है ,जिससे अल्पसंख्यक समाज लाभान्वित हो रहे है.पूर्व के सरकार ने समाज को ठगने का काम किया है।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की और जनता के हित में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को रेखांकित किया ।सम्मेलन में जिले के सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल देखने को मिला ।कार्यकताओं ने पार्टी की नीतियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया ।कार्यक्रम के समापन पर पार्टी नेताओं ने कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए जी-जान से जुटने का आह्वान किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव ,पूर्व मंत्री गौतम सिंह ,पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ,पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ,पूर्व विधायक धूमल सिंह ,रणधीर सिंह ,खाद आयोग के अध्यक्ष विद्यानंद विकल ,प्रदेश उपाध्यक्ष वैधनाथ प्रसाद विकल,अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने संबोधित किया एवं प्रदेश महासचिव सह सारण प्रमंडल प्रभारी रणविजय कुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रातों दिन सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आग्रह किया था ।प्रदेश से नियुक्त सभी दस विधान सभा प्रभारी एवं आनन्द किशोर सिंह ,दिनेश सिंह ,मुरारी सिंह ,विशाल सिंह ,बालमुकुंद चौहान ,राखी कुशवाहा ,जय प्रकाश यादव ,पशुपति नाथ पटेल ,ब्रजेश कुमार , ई प्रभाष शंकर ,मनोज पटेल ,कुसुम देवी ,सुनील सिंह कुशवाहा ,चंद्रभूषण पंडित , ओम प्रकाश शर्मा ,सुनील सिंह कश्यप ,इम्तियाज परवेज ,शंभू मांझी ,लालमुनि देवी, रेयाजुद्दीन मंसूरी ,जहांगीर आलम मुन्ना ,रवि प्रकाश ,दिवाकर चौबे , ,मनोज सिंह ,सत्यनारायण सिंह आदि थे।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के दौरान ग्रामीणों को पशु सेड और बकरी सेड का मिलेगा सौगात



बगहा। 15 दिसंबर को वाल्मीकिनगर क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन विकास कार्यों को लेकर कोई कमी छोड़ना नहीं चाहता। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय और डीडीसी के निर्देशन में गांव में ग्रामीणों के लिए पशु शेड और बकरी शेड का निर्माण किया जा रहा है। इस बाबत जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार महतो ने बताया कि मनरेगा योजना से पो ओ संजीव कुमार राय के नेतृत्व में गांव में ग्रामीणों के लिए पशु सेड और बकरी सेड का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए 40 बकरी सेड और 6 पशु सेड का निर्माण किया जा रहा है। पशु सेड 14 फीट लंबा 27 फीट चौड़ा जबकि बकरी सेड 14 फीट लंबा और 7 फीट चौड़ा किया जा रहा है। ताकि गांव के ग्रामीणों को आर्थिक मजबूती दिया जा सके। इसके अलावा उनका सामाजिक विकास किया जा सके।

# टिकट चेक करने के नाम पर रेल यात्रियों से अवैध वसूली

## आए दिन होता है टीसी कुंदन कुमार से यात्रियों के साथ तू तू मैं मैं

दिलीप कुमार





आरा । आरा रेलवे जंक्शन पर टिकट चेक करने के नाम पर रेल यात्रियों से आये दिन अवैध वशूली की जा रही है। रेलवे द्वारा यात्रीयो की सहयता तथा रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेलवे स्टेशनों प ळ्ठ की ड्यूटी लगायी जाति है, परन्तु ये ळ्ठ टिकट चेक करने के नाम पर रेलवे यात्रियों से अवैध तरीके से पैसे वसूली करने में लगातार लिप्त रहता है, ताजा मामला है भोजपुर के आरा रेलवे स्टेशन का जहा संध्या समय ड्यूटी पर लगे ळ्ठ कुंदन कुमार जो यात्रियों से आये दिन टिकट चेक करने के नाम पर यात्रियों के पास वाले टिकट में तरह तरह के कमिया निकल कर डरा धमका कर पैसो की वसूली करते है, इतना हि नही अगर कुंदन कुमार को कोई यात्री ४३२ का डिजिटल टिकट दिखाने की कोशिश करता है तो ३ू साहब आग बाबूला हो जाते है, और ४३२ टिकट को नही मानने की बात कर ४१ करने की धमकी देते है, इस तरह से यात्रियों को परेशन कर 100 रुपये से लेकर 500, 1000 तक की वाशूली करते है, गौरतलब है की कुंदन कुमार मुख्यरूप से मोकामा का रहने वाले है, आपको बता दे की कुछ माह पहले कुंदन कुमार की डुइटी रांची पटना जनसताब्दी ट्रेन में लगी थी तब ये रेल यात्रियों से सीट मुहईया करने के नाम पर पैसो की वसूली करते थे, जिसके कई लिखित शिकायत रेलवे को यात्रियों ने दी जिसके बाद कुंदन कुमार को ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया था, कुछ दिनों बाद इनको झाझा रेलवे स्टेशन पर इनको बतै ३ू तबादला कर दिया गया था परन्तु आदत से लाचार कुंदन कुमार झाझा ड्यूटी से लगातार गायब रहे जिसके बाद पुनः कुंदन कुमार को करीब एक माह तक निलंबित कर दिया गया था, लेकिन

लेनदेन में माहिर कुन्दन कुमार ने किसि तरह आरा में अपना तबादला करा लिए , आरा रेलवे स्टेशन पर बतौर ३ू अभी कुछ दिन हि बीते थे की कुंदन कुमारा यहा भी कई यात्रियों से अवैध रूप से पैसो की वसूली शुरू कर दी , जिसकी शिकायत मिलने पर, ू३ ने कुंदन कुमार का सरकारी टैबलेट जप्त कर लिया तथा फटका भी लगायी थी, परन्तु पूर्व में पदस्थापित ू३ के बदल जाने के बाद, कुंदन कुमार ने पुनः अपना सरकारी टैबलेट वापस ले लिया और फिर यात्रियों को बेवजह पेशान करने लगा तथा पैसो की वाशूली करने लागे, पुछले एक महीने में दर्जनों बार आये दिन किसी न किसी रिलवे यात्री से उलझ जाते है और पैसा देकर मामला रफा दफा करने की धमकी देते है, इसी क्रम में पिछले दिनों एक महिला यात्री से दुर्व्यवहार करने के बाद कुंदन कुमार पर रेल थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है, ऐसा नही है की रेल प्रशाशन इनकी कालि कृत्यो से अनजान है। परन्तु जानकारी होने के बाद भी कुंदन कुमार के उपर कोई ठोस करवाई अब तक रेलवे द्वारा नही किया गया जो की चिंता का करण बना हुवा है।जिससे रेल यात्रियों में भय का माहौल बनता जा रहा है।

# बिजली की शिकायतों के निष्पादन के लिए 9 से 14 तक पंचायतों में लगेगा कैंप

प्रातः किरण संवाददाता

### इन पंचायतों में लगेगा कैम्प

दिनांकः-09.12.2024
भकुरा, कारीसाथ, संदेश, बेलाउर, कुल्हड़िया, विशुनपुर एवं राजापुर पंचायत
दिनांकः-10.12.2024
सनदिया, धमार, खंडौल, उदवंतनगर, सकडडी, दौलतपुर, एवं सेमरा
दिनांकः-11.12.2024
हसनपुरा, इजरी, कोरी, कसाप, जलपुरा, चंदा, एवं बबुरा पश्चिमी
दिनांकः-12.12.2024
कराड़ी, खजुरिया, चिल्हौस,एरौड़ा, भदवर, मथुरापुर, एवं बखोरापुर
दिनांकः-13.12.2024
गोठउला, नवादाबेन, अखगावँ, बकरी, खनगावँ, खेसरहिया,एवं नथमलपुर
दिनांकः-14.12.2024
दौलतपुर, बामपाली, पांडुरा, कुसुमहा,जोगटा, बीरमपुर एवं बलुआं

आरा। बिजली संबंधी शिकायतों के निष्पादन के लिए 9 से 14 दिसंबर तक पंचायत स्तर पर कैंप लगेगा। उक्त शिविर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बिजली आपूर्ति, बिल में सुधार, नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब मीटर, गलत बिल आदि से सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता आरा, शशि कांत ने बताया कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं अन्य माध्यमों से बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस समस्या के निदान के लिए कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। बताते चलें की उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है, जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं। कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय। जो उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जाएगा। उक्त शिविर मे विद्युत विभाग के कर्मी, बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर, ई वॉलेट अथवा मनी रसीद के साथ उपलब्ध रहेंगे एवं उपभोक्ताओं से भुगतान भी प्राप्त करेंगे। जो व्यक्ति अभी तक कृषि कार्य हेतु या घरेलु कनेक्शन नही लिए हैं वह आवश्यक कागजात के साथ शिविर में उपस्थित हों, उन्हें नया कनेक्शन प्रदान करने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सहारा इंडिया निवेशकों की बैठक सम्पन्न :क्यामुद्दीन अंसारी

प्रात किरण संवाददाता

आरा। सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आज बस स्टैण्ड के पिछे क्रांति पार्क आरा मे सहारा इंडिया निवेशकों की बैठक संपन्न हुई. जिसमें बड़ी तायदाद मे निवेशक बैठक मे भाग लिए. इस बैठक मे निवेशकों के डुबे हुए रुपये की वापसी के लिए आंदोलन की रुप रेखा पर गहन विचार विमर्श किया गया. सहारा इंडिया के निवेशकों को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के भोजपुर संयोजक क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि इस साल के शुरू से हि हमलोगों ने निवेशकों के डुबे रुपये की वापसी के लिए आंदोलन चलाया था. माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि सहकारिता मंत्री अमित साह जी ने छोटे निवेशकों को रुपया वापस करने के लिए आश्वासन दिया था. माननीय कोट के निर्णय के आलोक मे केन्द्र सरकार ने 5000 करोड़ रुपया रिलिज किया था पर निवेशकों का पैसा वापस नहीं हुआ. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि सहारा निवेशकों के पैसा डुब नेसे बड़ी तायदाद मे ठेला,खोमचा लगाने वालों, फेरी करने वाले गरीब मेहनत कशों के बच्चों के सपने टुट गये। इस बैठक की अध्यक्षता का.राजु प्रसाद ने किया जो सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के सह संयोजक है.बैठक मे सामिल थे रविन्द्र कुमार, अवधेश पासवान, नन्हक राम,धर्मशीला देवी,पुष्पा देवी।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार मानवता पर प्रहार :अर्जुन गुप्ता

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के बैनर तले पटना भाजपा कार्यालय के समीप हनुमान मंदिर में सामुहिक हनुमान चालीसा के पाठ मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अर्जुन गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गई साथ ही लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जोरदार विरोध जताया तथा बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाया गया साथ ही मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अर्जुन गुप्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्याक हिन्दुओ पर अत्याचार पर बांग्लादेश सरकार की इस कायराना हरकत पर निंदा व्यक्त की साथ ही मोर्चा के लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत सरकार से इस दिशा में ठोस निर्णय लेने तथा इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उचित कदम उठाने की अपील की । कार्यक्रम में तख्तियों, झंडों और बैनरों के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम्, बांग्लादेश सरकार मुदार्बाद नारे लगे।

# गोल्डेन रियूनियन से लौटने पर डॉक्टर केएन सिन्हा का लोगों ने किया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। आरा के प्रसिद्ध एवं चर्चित फिजिशियन डॉ के एन सिन्हा पटना से लौट कर आने पर बताएं कि आईएससी सन 1974/76 का गोल्डन रियूनियन ,साइंस कॉलेज, पटना कैंपस एवं होटल ताज में किया गया।

विदित हो कि पटना का प्रसिद्ध साइंस कॉलेज,काफी समय से बिहार का नंबर एक कॉलेज माना जाता है। इस कॉलेज से कई बड़े-बड़े विद्वान, वैज्ञानिक साहित्यकार, प्रशासनिक पदा धिकारी हुए। राष्ट्रीय स्तर पर भी यह कॉलेज 5 या 10 के अंदर में आता है।इस कॉलेज में, पटना के अलावे,हर जिले से दो या तीन ही मेघावी विद्यार्थी प्रवेश पाते हैं।

50 बरस होने के उपलक्ष में आईएससी में 1974/76 बैच के लोगों का गोल्डन यूनियन धूमधाम से मनाया गया। दिन में सभी बैचमेट ऑडिटोरियम के पास जमा हुए एवं पूरे कैंपस मे हर विभाग को घूम घूम कर देखें। और अपनी पुरानी यादों को ताजा किये।

शाम में होटल ताज,पटना में सभी सपत्नीक जुटे एवं अपने अपने परिचय तथा उपलब्धियों का आदान-प्रदान किये। इस बैठक में कई आईएएस, आईपीएस, प्रासनिक अधिकारी बैंक ऑफिसर्स, साहित्यकार, बिजनेसमैन शामिल थे। डॉ के एन सिन्हा ने ह्लअहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों ह्लगाकर सभी को झूमने को मजबूर किया। डॉ पीके अखोरी और आईपीएस अनिल ने कविता पाठ किया। इसी मौके पर टॉपपर पूर्व चीफ सेक्रेटरी ,गुजरात मि. जगदीप सिंह का मैरिज एनिवर्सरी भी मनाया गया। अनेकों के बच्चे भी काफी उच्च उच्च पदों पर हैं। इस रियूनियन में विशेष रूप से अमेरिका से डॉ मिथिलेश एवं लंदन से डॉ दीपक कुमार भी शिरकत किये। सभी ने अपने पहले और अभी के अनुभवों को साझा किया आगे भी मिलते रहने का वादा कर भाऊक हो विदा हुए।

# बिन्दगांवा संगम स्थल पर गंगा आरती करने पहुंचे राजद सुप्रीमो

**सरकार बनने के बाद संगम घाट को तीर्थ स्थल बनाया जाएगा: लालू प्रसाद यादव**

प्रातः किरण संवाददाता



बड़हरा/कोईलवर । आरा छपरा के सीमा स्थित रायपुर बिन्दगांवा संगम स्थल पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव गंगा आरती करने पहुंचे थे। इस दौरान राजद सुप्रीमो ने मंच स्थल से ही माता गंगा की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। लोगों को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो ने कहा की हमारी तेजस्वी की सरकार बनेगी तो दियारा क्षेत्र के टोपोलैंड जमीन का विरोध करेंगे। जमीन टोपोलैंड होने से यहां के लोगों को शादी विवाह करने में समस्या होती हैं। सरकार बनने के बाद संगम स्थल को तीर्थस्थल बनाया जायेगा। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ सभास्थल पर पहुंची थी।मौके पर राजद महासचिव मनोज सिंह होटल मौर्य के डायरेक्टर बीडी सिंह, चर्चित राजद नेता रामबाबू सिंह तथा ठाकुर प्रिंस कुमार समेत राजद नेता सोनू राय कई राजद कार्यकर्ता और नेता थे। वही गंगा आरती शाम के 5:00 बजे करने की तैयारी में लोग जुटे हुए थे। आचार्य संजीव दुबे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में ही के संगम तट पर गंगा आरती किया जाता है। इस साल थोड़ा लेट हुआ है आरती के समय बड़ा ही भव्य दृश्य होता है। आज इस कार्यक्रम में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पहुंचकर मां गंगा की पूजन करते हुए इसको तीर्थ स्थल बनाने की बात कही। हालांकि इस कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के अगल-बगल कुछ राजनीति झलकियां नजर आ रही थी। जिसको लेकर नीचे उपस्थित लोगों में चर्चा भी हो रही थी।

# द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा स्ट्रेस एलिमिनेशन कोर्स का शुभारंभ




**रैफ के 114 वीं बटालियन में स्ट्रेस एलिमिनेशन कोर्स की हुई शुरूआत**

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। द आर्ट ऑफ लिविंग द्वा-रा शनिवार को रैफ के 114 वीं बटालियन के हेडक्वार्टर में स्ट्रेस एलिमिनेशन कोर्स का शुभारंभ किया गया। शनिवार को 114 वीं रैपिड एक्शन फोर्स (फअऋ) कोइलवर के प्रांगण में ह्लद आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आयोजित स्ट्रेस एलिमिनेशन कोर्स का शुभारंभ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन 114 वीं बटालियन के कमांडेंट अश्वनी कमार झा द्वारा किया गया। कोर्स का उद्देश्य जवानों को तनाव से मुक्ति दिलाना और मानसिक शांति प्रदान करना है। यह कोर्स विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है। जो योग, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से तनाव को कम करने की तकनीकें सिखाएंगे। यह कोर्स 7 दिसंबर से 12 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसमें जवानों को तनाव प्रबंधन सकारात्मक सोच, ध्यान और योग के माध्यम से मानसिक और शा-रीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। कमांडेंट अश्वनी कुमार झा ने अपने उद्घाटन भाषण में इस कोर्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पहल जवानों और अधिकारियों को तनाव मुक्त जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि ह्लद आर्ट ऑफ लिविंगह्ल के प्रशिक्षकों द्वारा दी जाने वाली तकनीकें न केवल कार्यक्षेत्र में बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी सकारात्मक प्रभाव डालेंगी।इस कार्यक्रम में 114 बटालियन के सभी अधिकारी एवं जवान उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

# लोजपा रामविलास पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के नेतृत्व में किया गया बैठक का आयोजन

**2025 में शत प्रतिशत शीट जीतेंगी लोजपा(रा):-संजय सिंह**

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। लोजपा रामविलास भोजपुर का जिला संविक्षा सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह आरा के श्री टोला सामुदायिक भवन में किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान तथा मंच संचालन छात्र नेता विकास सिंह ने किया। संविक्षा बैठक के पूर्व संजय सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी का भव्य स्वागत किया गया ।मनोज पासवान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं राजेश साहू जिला कार्यकारी अध्यक्ष संसदीय बोर्ड ने संयुक्त रूप से उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके से सम्मानित किया। जिला प्रभारी श्री संजय सिंह ने संविक्षा के क्रम में सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों से बारी बारी संगठन पर चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकताओं की देन कि पार्टी शत प्रतिशत शीट जीत रही है तथा लोजपा रामविलास बिहार,झारखंड तथा नगालैंड राज्यों में भी अपना जन प्रतिनिधि दे रही है। आप सभी चट्टानी एकता से संगठन का कार्य करते रहे तथा श्री चिराग पासवान जी के विजन को जनता के बीच बताते रहे,निश्चित ही आगामी 2025 विधान सभा चुनाव में पार्टी पुनः शत प्रतिशत शीट जीत कर एनडीए की सरकार बनाएगी ।पार्टी के नेता श्री चिराग पासवान सिर्फ दलितों के ही नेता नहीं है वे पूरे बिहारियों के नेता है,कार्यकर्ता श्रद्धा और लगन से पार्टी हित में कार्य करते रहे तब ही हम सभी अपनी मंजिल पर पहुंच पाएंगे। भोजपुर जिला में जल्द ही कार्यकताओं का सम्मेलन होगा तथा उस सम्मेलन में पार्टी के वरीय नेता शामिल होंगे ।जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि जिला में सभी प्रकोष्ठ का गठन पंचायत स्तर पर हो गया है,बूथ स्तर पर प्रयास जारी है। आरा लोक सभा और विधान सभा तरारी में पार्टी के एक एक कार्यकर्ता दिन रात लगे हुए थे ।पार्टी में अच्छे कार्य करने वाले कार्यकताओं को प्रभारी संजय सिंह द्वारा सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र देने पर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने उन्हें आभार जताया ।मनोज पासवान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के सोच से प्रभावित होकर तरारी विधान सभा में माले को छोड़ लोजपा रामविलास का साथ देने वाले कार्यकताओं को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार ।2025 का चुनाव के लिए पार्टी दिन रात कार्य कर रही है। राजेश साहू जिला कार्यकारी अध्यक्ष संसदीय बोर्ड ने कहा कि भोजपुर के हर कार्यकर्ता श्री चिराग पासवान जी ,राजू तिवारी जी ,हुलास पांडे जी के हाथों को मजबूत करने के लिए लगे हुए है। ।सोनू सिंह जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ ने कहा हर किसानों की समस्या का निदान कराने लिए हमारी पार्टी मजबूती से काम कर रही है ।हम सभी कार्यकताओं की चाहत चिराग जी को मुख्यमंत्री बनाने को है लेकिन जो भी गठबंधन का निर्णय होगा वह मान्य है ।संविक्षा बैठक में छात्र नेता विकास सिंह,रमेश रेशमिया,शहनवाज बलि,अजय पासवान,लीला शर्मा, राजेश कुशवाहा,दशरथ पासवान,इंदल पासवान,कुंवर उपेंद्र सिंह,विजय सिंह मुखिया अंधारी,परमानंद पासवान,उमेश तिवारी,सुरेंद्र आजाद,संजय पासवान, मित्र रंजन पासवान,कालीचरण साह,नवीन कुमार,ओमप्रकाश चंद्रवंशी,निर्मल पासवान , आशोक,ललन जी,विनोद कुमार,रंगनाथ पासवान,दशरथ,रंजित,रमेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# तरारी के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा स्पेशल कैंप का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के तरारी में फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत तरारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ (बूत लिस्ट ऑपरेटर) द्वारा स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्पेशल कैंप के दौरान बीएलओ द्वारा निर्वाचक सूची में नाम पंजीकरण, विलोपन, संशोधन आदि हेतु फॉर्म 6, 7 और 8 प्राप्त किए गए।

ज्ञात हो कि दावा/आपत्ति की अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2024 है।अतः, इस तिथि तक अहर्ता प्राप्त योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु फॉर्म 6, मृत व्यक्तियों, दोहरी प्रविष्टि, और स्थायी रूप से स्थानांतरित निर्वाचकों का विलोपन हेतु फॉर्म 7, तथा एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा या एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्टिंग, निर्वाचकों के विवरणी में संशोधन, डुप्लीकेट ईपिक और दिव्यांग निर्वाचकों का मार्किंग हेतु फॉर्म 8 आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने बीएलओ को ऑफलाइन आवेदन के रूप में दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन भारतीय निर्वाचन आयोग के पोर्टल ँ३३स्र२://५ङ्म३ी१२.ी८ङ्म५.ल्ल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी किया जा सकता है।

प्राप्त दावा/आपत्तियों का निष्पादन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी पीरो द्वारा 24 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

# महासंघ गोप गुट के बैनर तले स्वर्गीय सुधीर केसरी का श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। महासंघ गोप गुट के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखा गया, और सुधीर केसरी अमर रहे...सुधीर केसरी अमर रहें..का नारा भी लगाया गया ' श्रद्धांजलि सह शोक सभा कार्यक्रम कि शुरूआत महासंघ गोप गुट के सम्मानित अध्यक्ष यदु नन्दन चौधरी ने सुधीर कुमार केसरी के तैलीय चित्र पर माला और पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत की, बारी बारी से उपस्थित कर्मचारियों सहित केसरी जी के पुत्र पुत्री भी पुष्प अर्पित किया, उपस्थित कर्मचारियों ने केसरी जी के जीवनी, और सेवाकाल सहित संघ महासंघ के कार्यक्रमों में शामिल होने और अगली पंक्ति में खड़े होने वाले व्यक्ति का नाम केसरी जी था, आज केसरी जी सशरीर भले नहीं है लेकिन केसरी जी के संघर्ष, आंदोलन, संघ महासंघ के प्रति लगन हमेशा याद रहेगा, कार्यक्रम में जानकी प्रसाद,मुख्य संरक्षक सूर्य नारायण सिंह, मुख्य संरक्षक कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर, लव कुश सिंह राज्य सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार पटना, संजय कुमार सिंह जिला सचिव राजस्व कर्मचारी संघ गोप गुट भोजपुर, राजा राम प्रियदर्शी, धर्म कुमार राम डॉ मनोज कुमार गुप्ता, प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट भोजपुर, अवधेश पासवान, संयुक्त सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर, रघु वंश मणि वरीय नेता पंचायत रोजगार सेवक संघ भोजपुर, ध्रुव पंडित कोषाध्यक्ष पंचायत रोजगार सेवक संघ भोजपुर, वीरेन्द्र कुमार, सुधा डेयरी कर्मचारी भोजपुर, छोटे जी चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मियों निरंतर प्रसाद, सेवानिवृत्त, रामदयाल ठाकुर, सेवानिवृत्त, कर्मचारी सिंचाई विभाग भोजपुर नन्द जी मेहता,सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी, दीपक शर्मा जनसेवक संघ केदारनाथ सिंह कार्यालय सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर सरवन कुमार, कर्मचारी चिकित्सा विभाग ,अमरजीत कुमार मनोज कुमार राजस्व कर्मचारी,हर वंश,कुमार, सुधा डेयरी कर्मचारी भोजपुर, सुधीर कुमार केसरी जी के पुत्र पुत्री, क्रमश, शुभ्रा केसरी पुत्री, शिखा केसरी पुत्री, सुधांशु केसरी पुत्र, शेखर कुमार केसरी दामाद, सहित अन्य विभागों और ट्रेड यूनियनों के सभी भी सुधीर केसरी जी पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के असामयिक निधन पर शोक सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर केसरी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पा अर्पित किये, और केसरी जी के जीवन संघर्षों को याद किया, अंत में केसरी जी अमर रहे, केसरी जी को लाल सलाम जैसे नारों के बाद कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा रामानन्द सिंह जिला अध्यक्ष चौकीदार संघ भोजपुर ने की ' भवदीय, सुमन जी जिला सचिव कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर '

# आरा नगर निगम के सरकारी कर्मियों और सफाई मजदूरों की सभा संपन्न : क्यामुद्दीन अंसारी

प्रातः किरण संवाददाता




आरा :रमना मैदान मे निगम के सरकारी कर्मियों और सफाई मजदूरों की एक बड़ी सभा संपन्न हुई जिसमें आरा निगम के सभी प्रकार के कर्मियों के वेतन विसंगती पर गहरी चिंता प्रकट की गयी.साथ ही सफाई मजदूरों

हक मारी और सरकारी रेट से कम दर पर मिल रहे मजदूरी का डट कर विरोध किया गया.आज की सभा आरा नगर निगम द्वारा कुशल मजदूरों जैसे ड्राइवर को भी अकुशल मजदूरों से भी कम मजदूरी का मामला उठाया गया.इन निगम कर्मियों के सभा की अध्यक्षता सरुन राम ने की तथा संचालन अमर नाथ प्रसाद ने किया.

आरा निगम कर्मियों के सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा निगम भ्रष्टाचार और अनियमितता का अड्डा बन गया है.मेयर और डिप्टी मेयर नगर के संसाधन लुटने मे लगे है वही नगर आयुक्त खुद 7 वें वेतन आयोग आयोग का लाभ हडक लेते है पर निगम कर्मियों के 7 वें वेतन आयोग का लाभ देने से मुकर जाते है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि नगर आयुक्त तो निगम कर्मियों के 6 के वेतन मान का शेष भी नहीं दे रहे है. आरा नगर निगम का नल जल योजना फेल हो गया है दर्जनों मुहल्लों मे नल से जल नहीं निकलता पर इस योजना को पूर्ण घोषित कर दिया गया है.इस योजना के तहत सरकारी धन की लूट हुई है.

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा निगम के कर्मचारियों और सफाई मजदूरों से आह्वान किया की 16 दिसंबर 2024 को आरा नगर निगम के समक्ष होने वाले प्रदर्शन मे सैकड़ों की संख्या मे भाग ले.

आज की सभा मे सामिल प्रमुख लोगों मे उपेन्द्र राउत,सरुन राम,दीपक कुमार, कल्लू यादव,अमरनाथ प्रसाद, रामबाबु राम,राज कुमार राम,चंदन कुमार, सुनिता देवी,शिला देवी,गुडिया देवी,राजकुमारी देवी,रिमा देवी थी.

# मंत्री ने किया मां फल्गु की स्वच्छता के लिए महाअभियान की शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता




गया ।बिहार सरकार के सहकारिता, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आज पितामहेश्वर घाट पर मां फल्गु नदी को स्वच्छ बनाने के लिए एक महा अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर रामानुज मठ के स्वामी वेंकटेश प्रपन्ना महाराज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हैं। उन्होंने इस पवित्र नदी के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और अभियान के लिए अपना आशीर्वाद और समर्थन प्रदान किया और कहा कि ग्रंथों में मां फल्गु को गया का प्राण कहा गया है ।इस बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे हैं ।जिन्होंने नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने मां फल्गु के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नदी सनातन धर्म के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पिंडदान करने आते हैं ।जो पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाने वाला एक पवित्र कर्म है। फल्गु नदी गया को लेकर मान्यता है कि स्वयं भगवान विष्णु यहां पितृ देवता के रूप में मौजूद हैं। इसीलिए इसे पितृ तीर्थ भी कहा जाता है। फल्गु नदी में श्राद्ध कर्म करने से सात पीढ़ी के पितर संतुष्ट हो जाते हैं। ऐसी पवित्र नदी को बचाने के लिए, नदी की समृद्धि के लिए, स्वच्छता के लिए, निर्मलता के लिए, फल्गु नदी की साफ सफाई के लिए ,नदी के निरंतर प्रवाह के लिए,सूबे बिहार की फल्गु नदी जो विश्व विख्यात है इसकी स्वच्छता और निर्मलता के लिए हम सभी को दृढ़ संकल्पित होना होगा। गया वासी ने उनके आह्वान पर फल्गु नदी की साफसफाई के सपना को साकार करने के लिए कृत संकल्प हो आज इसकी शुरूआत की है। उन्होंने ठान लिया है कि फल्गु नदी को हम स्वच्छ बनाकर के ही दम लेंगे।

स्वामी वेंकटेश प्रपन्ना महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां फल्गु केवल एक नदी नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की जीवंत धरोहर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान धर्म और पर्यावरण संरक्षण का संगम है और इसे पूरी निष्ठा से लागू किया जाना चाहिए।

नदी का परिसीमनः फल्गु नदी के क्षेत्र का स्पष्ट परिसीमन किया जाए।

अतिक्रमण मुक्त नदीः नदी के किनारे अतिक्रमण को हटाने का ठोस प्रयास हो।

सीवरेज की व्यवस्थाः दोनों किनारों पर उचित सीवरेज प्रणाली बनाई जाए।

गंदगी पर रोकः शहरों का कचरा और गंदगी नदी में डालना पूरी तरह से बंद हो ।घाटों का सौंदर्यीकरणः नदी के दोनों किनारों पर घाटों को सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाए।

मुक्तिधाम का उपयोगः करोड़ों की लागत से बने मुक्तिधाम शवदाह गृह को उपयोग में लाया जाए, जिससे नदी में शवों के दाह संस्कार पर रोक लग सके।

डॉ. प्रेम कुमार ने नगर विकास मंत्री से अपील की कि शोभा की वस्तु बने शवदाह गृह पर शीघ्र कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि मां फल्गु की स्वच्छता और संरक्षण केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हर नागरिक का उत्तरदायित्व है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मां फल्गु को प्रदूषण मुक्त और सजीव बनाने का संकल्प लिया है। यह महा अभियान गया शहर और इसके नागरिकों के लिए एक सकारात्मक कदम है, जिससे न केवल धार्मिक महत्व की रक्षा होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

इस अवसर पर विभिन्न संगठन जैसे व्यावसायिक संघ माहुरी समाज विश्वकर्मा समाज मालाकार समाज स्वर्णकार समाज रजक समाज चंद्रवंशी समाज साहनी समाज मैं शामिल होकर अपने-अपने सहभागिता का आश्वासन दिए हैं।

अपने विचार और सुझाव रखने वालों में बोधगया नगर परिषद अध्यक्षा ललिता देवी, लोजपा के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह, भाजपा महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, गोपाल यादव,, विकास कुमार प्रतिनिधि भारत सरकार पशु कल्याण, उपाध्यक्ष अजय कुमार तानी वरिष्ठ नेता क्षितिज मोहन सिंह, दयानंद, भोला मिश्रा ,प्रमोद चौधरी, संतोष सिंह कमल बारिक, शंभू यादव अशोक साहनी धनंजय धीरू राजीव कुमार सिन्हा गौतम गोस्वामी रिंकू गोस्वामी हरि यादव मनोज चंद्रवंशी पंकज लोहानी, बाला सिंह आदि प्रमुख रहे हैं। अंत में भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की समाप्ति की गई है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



गया।अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित दीया रक्त अग्रदूत बिहार के बैनर तले स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पूर्वी रामसागर तालाब, गया में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है इस कैंप के उद्घाटन गायत्री परिवार ,गया की वरिष्ठ कार्यकर्ता निर्जला देवी और दिनेश प्रसाद जी के कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर किया गया है इस शिविर में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के रक्त अधिकोष की टीम आई हुई थी। मगध युवा प्रकोष्ठ के संचालक और दीया रक्त अग्रदूत, बिहार के समन्वयक सह मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि इस रक्तदान शिविर में गया जी के कुल 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का फर्ज. अदा किया है ।मगध युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शक मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि रक्तदान जीवन का सबसे अनोखा दान में से एक है ।इसे हर 18 वर्ष के युवा जिसका वजन 50 किलो के पार हो करना चाहिए। इसको करने से हमारे शरीर के अंदर नया रक्त पुनः संचालित होता है। हम इससे पूर्व से ज्यादा स्वास्थ्य महसूस करते हैं।

उपसमन्वयक और शिविर प्रभारी लौकेश कुमार ने बताया कि रक्तदान जीवनदान है और मानवता कल्याण के लिए,एक सकारात्मक पहल है जो लोगों को विचार को बदलता है। गया जी के रक्त अधिकोष में रक्त के कमी को देखते हुए रक्तदान डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है।

शिविर में राजेश कुमार, अरविंद कुमार, आरभ, अरुण कुमार, रितेश आनंद , आर्यन कुमार , कुमार आशीष , रघुनाथ खत्री , अमरनाथ खत्री , आलोक मिश्रा , रविकांत प्रसाद , सन्नी कुमार , पुरुषोत्तम कौशिक आदि ने रक्तदान कर मानवता का फर्ज.अदा किया है । इस शिविर को सफल बनाने राहुलकांत , अमरजीत , अनिकेत राउत , बाल संस्कारशाला प्रभारी रौशन कुमार, आरती कुमारी , युवा ट्रस्टी सुधीर कुमार, सहित बाल संस्कारशाला गायत्री शक्तिपीठ की बच्चे साक्षी कुमारी, नेहा,सुहानी,प्राची,विष्णु कुमार,चाहत,अंकित,विधि,अनुष्का,राखी,अर्चना , कन्या जागृति मंडल से निधि ,जिया , महिला मंडल एवं प्रज्ञा मंडल ने अहम भूमिका निभाई है।

# ठंड आते ही नवजात शिशुओं को सही देखभाल जरूरी:डॉ बीडी शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता



गया। ठंड के मोसम आते ही सर्दी का सितम शुरू हो गया है। जिसका सबसे असर जन्म लिए हुए बच्चों के सेहत पर असर पड़ता है खासी, बुखार, जुकाम,हाइपोथेरिया, कोल्ड डारिया,के साथ दस्त के चपेट मरिज आ रहे हैं।अगर ठंड के दिनों में नवजात शिशुओं को अच्छी तरह से देखभाल नही किया जाए तो बच्चों कि तेबियत बिगड़ सकती है ,इस समय उचित देखभाल बच्चो को देखभाल कैसे करे इसका जवाब मगध के बच्चों के अस्पताल डॉ बी डी शर्मा जो गया के आनंदी माता मंदिर मोड़ पर स्थित है। प्रबंधक डॉ बी डी शर्मा ने बताया कि घर से बाहर निकले वक्त बच्चों को पूरी तरह से गर्म कपड़े से पहनाकर निकले, गुनगुने पानी से नहाए,बंद कमरे मे ज्यादा समय हीटर आदी का प्रयोग नही करे,जब भगवान सूर्य निकलने लगे तभी बच्चों को बाहर निकालें, बच्चों को पोष्टीक आहार देते रहे,इस ठंड के समय बच्चों का तापमान तुरंत घट जाती है जिससे हाइपोथर्मिया के शिकार होते हैं। जैसे मे तेज बुखार आने के कारण बच्चों में सुस्ती आ जाना इसके साथ शरीर का पिलापन हो जाना,वायरल इंफेक्शन होता है। आगे कहा कि बच्चों में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए,कमी होने से डिहाईड्रेशन की संभावना बढ जाती है। शिशुओं को टोपी एवं मोजा पहनाकर रखे,पेट कि सिकाई गुनगुने पानी से करते रहे, गुनगुने पानी से नहालकर डेली मालिश करे,मौसम बदलते ही बच्चों को नमोनिया होने का खतरा अधिक रहता है ।इन सभी से बचाव के लिए बच्चों को मां का दुध पिलाए,जरुरत पड़ने पर चिकित्सक से सलाह अवश्य लें।

# बासुदेव पाठक के तीसरी पुण्यतिथि पर सामूहिक गीता पाठ का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद । सदर प्रखंड स्थित ग्राम पाठक विगहा में प्रसिद्ध आचार्य एवं कर्मकांडी वासुदेव पाठक उर्फ गोपाल पाठक की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। रवि शंकर पाठक की अध्यक्षता में सर्वप्रथम उनके स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

तत्पश्चात पडरावां ग्राम के प्रसिद्ध आचार्य अनिल बाबाके द्वारा सामूहिक भागवत गीता का पाठ किया गया एवं विशेष पूजा अर्चना की गई।

अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश पाठक,हरिहरनाथ पाठक, रघुनाथ पाठक ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि वे एक कर्मठी एवं कर्तव्य परायण व्यक्ति थे ।सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे ।शिक्षा के प्रति गहरी दिलचस्पी रखने वाले एवं जरूरतमंदों को हर संभव सहायता किया करते थे। स्थानीय वार्ड सदस्य अक्षय पाठक ने बताया कि वासुदेव पाठक के कृतियों को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर स्थानीय बुद्धिजीवी,ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता उनके पुत्रवधू पौत्री सहित अन्य उपस्थित थे।

# वैश्य समुदाय से आनेवाले राजनेताओं का लगा जमघट,सामुदायिक संविधान का हुआ अनावरण



पटना। कंकड़बाग के अशोक नगर में वैश्य समुदाय दृष्टिकोणात्मक संविधान का भव्य अनावरण हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में वैश्य समाज के प्रतिष्ठित नेताओं, विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। यह संविधान वैश्य समाज के अधिकारों, कर्तव्यों और एकता को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। यह संविधान वैश्य समाज के अधिकार, कर्तव्य और प्रगति को सुनिश्चित करता है। इसके तहत स्वतंत्रता, समानता और शिक्षा का अधिकार प्रमुख हैं। समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा तक पहुंचाने और एकजुटता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। सदस्यों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहते हुए राष्ट्रीय सम्मान में योगदान देने की प्रेरणा दी गई है। वैवाहिक सुधार और सामाजिक एकता के लिए नई पीढ़ी को समावेशी दृष्टिकोण अपनाने को प्रोत्साहित किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद संविधान का औपचारिक अनावरण किया गया, जिसमें पटना मेयर सीता साहू, विधायक मंजु अग्रवाल, विधायक संजीव चौरसिया और पूर्व विधायक लालबाबू गुप्ता, डॉ पंकज कुमार वैश्य सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। सभी उपस्थित जनों ने वैश्य समाज को एकजुट और सशक्त बनाने के लिए संविधान के सिद्धांतों को अपनाने की शपथ ली।

वीडियो क्राफ्रेंस से कार्यक्रम से जुड़े पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया ने भामाशाह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल व्यापार में सफलता हासिल की, बल्कि अपनी धनसंपत्ति का उपयोग समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए किया। पटना की मेयर सीता साहू ने अपने संबोधन में वैश्य समाज की एकता और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय को अपनी शक्ति और सामर्थ्य पहचानकर सामाजिक और आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। वहीं दीघा के विधायक संजीव चौरसिया ने ्रवैश्य समुदाय दृष्टिकोणात्मक संविधान्र का अनावरण करते हुए इसे समाज के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संविधान समाज के अधिकारों और कर्तव्यों को संरक्षित करते हुए एकता और सामूहिक प्रगति की दिशा में मार्गदर्शन करेगा। शेरघाटी की विधायक मंजु अग्रवाल ने वैश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के बिना समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पंकज कुमार वैश्य, जिनके नेतृत्व में इस संविधान का निर्माण हुआ, ने इसे केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वैश्य समाज के सामूहिक संघर्ष और समृद्धि की दिशा में एक ठोस कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संविधान समाज के युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों को एकजुट करते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और नए अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगा ।इस कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश महासचिव कंचन गुप्ता, कांग्रेस के मंजीत आनंद साहू, इंजीनियर सुंदर साहू और ममता गुप्ता सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 39 दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन हवन पूजन के साथ 20 दिसम्बर को होगा समापन

प्रातः किरण संवाददाता

गया । विष्णु की नगरी, बुद्ध की धरती, मां मंगला गौरी की मंदिर, से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर जमडी जैतीया में पिछले 12-11-2024 से लेकर 20-12-2024 तक चलने वाला 39 दिवसीय अखंड कीर्तन का कार्यक्रम होता चला आ रहा है यह कार्यक्रम लोजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह की आवास पर किया जा रहा है वही लोजपा नेता ने बताया कि अयोध्या से आए कीर्तन मंडली ने विभिन्न प्रकार के लय में श्रद्धालु श्रोताओं के बीच हरि नाम कीर्तन का रसपान कराया जा रहा है। यह कीर्तन लगातार 39 दिनों तक चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से पूरा वातावरण भक्ति मय में बदल चुका है साथी उन्होंने आसपास के लोगों से यह अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर एक बार सहभागिता निभाएं। और भगवान से दिया हुआ प्रसाद को खाकर भक्ति में झूमते रहे।

### मोटरसाइकिल के धक्के से बच्ची घायल,बाइक सवार फरार

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था गया मुख्य मार्ग पर विद्रोही चौक के समीप बाइक के धक्के से एक 12 वर्षीय बच्ची घायल हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था बाला स्थित विद्रोही चौक के समीप निवासी संजय यादव के 12 वर्षीय पुत्री रुचि कुमारी जो बाजार में सामान खरीदने जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार ने बच्ची को जोर-दार टक्कर मार दी जिससे उक्त बच्ची सड़क पर गिर गई जिससे उसकी सिर फट गया आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उक्त बच्ची को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

### कुर्था पुलिस ने किया दो वारंटी को गिरफ्तार

कुर्था (अरवल) पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाकर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। जिसमें सूर्यदेव यादव महादेव बिगहा, दयानंद यादव महादेव बिगहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दी दोनों गिरफ्तार युवक पर महिला प्रताड़ना का केस दर्ज था ।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय में प्रथम चीफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत को दी गई श्रद्धांजलि



प्रातः किरण संवाददाता

गया। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत को पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय मे प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि दी गई है। डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत माता के वीर सपूत, देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर हम उनकी वीरता, निष्ठा और समर्पण को नमन करते हैं। जनरल बिपिन रावत न केवल भारतीय सेना के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक प्रेरणा थे। उनका जीवन और कर्तव्य देशभक्ति और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रतीक था।उत्तराखंड के एक साधारण परिवार में जन्मे जनरल रावत ने भारतीय सेना में अपने करियर की शुरूआत 1978 में की और अपने साहसिक निर्णयों और रणनीतिक कौशल के कारण उच्चतम पदों तक पहुंचे हैं। उन्होंने सैन्य क्षेत्र में अनेक सुधार किए, जिसमें तीनों सेनाओं के बेहतर समन्वय की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनका विजन, विशेष रूप से ्हथियेटर कमांड्ह की स्थापना, भविष्य की सेना को एक नई दिशा देने वाला था। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने जनरल रावत के अद्वितीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल देश की सुरक्षा को सुदृढ़ किया, बल्कि लाखों युवाओं को भारतीय सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित भी किया है। उनके विचार, उनकी योजनाएं और उनका नेतृत्व आज भी भारतीय सेना को मजबूत और सक्षम बना रहा है ।जनरल बिपिन रावत का असामयिक निधन, जो हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुआ, देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी पुण्यतिथि पर हम यह संकल्प लें कि उनकी प्रेरणा से प्रेरित होकर देश की सेवा और सुरक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

# पारस एचएमआरआई अस्पताल में मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई पटना में रविवार, 8 दिसंबर को मेगा हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैंप में 1030 लोगों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें पंजीकरण और परामर्श पूरी तरह निःशुल्क था ।पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सांस रोग, हृदय रोग, न्यूरो रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, आंतरिक चिकित्सा, आहार विज्ञान और सामान्य सर्जरी जैसे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर निःशुल्क परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए रक्त जांच और अन्य अतिरिक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी गई।

कैंप में पीएफटी, ईसीजी, टीएमटी/इको जैसी सेवाओं का भी लाभ उठाने का मौका मिला। अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई हमेशा से मरीजों की सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को प्राथमिकता देता है। इस मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से हमने न केवल मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान किया बल्कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित भी किया। पारस एचएमआरआई आम जनता के लिए हमेशा फिक्र मंद रहता है। दोनों के बीच संबंध अटूट बना रहे है, इसके लिए इस तरह के आयोजन जरूरी होते हैं। हम आम जन की सेवा के लिए उपलब्ध हैं, यह मैसेज आमलोगों तक जाना चाहिए। आगे भी इस तरह के मुफ्त जांच शिविर आयोजित होते रहेंगे।

# शांति निकेतन एकेडमी में हुआ छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति निकेतन एकेडमी के कटारी हिल रोड स्थित परिसर में को निःशुल्क जाच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक के द्वारा शांति निकेतन एकेडमी की गया स्थित सभी शाखाओं एवं रौना शाखा के छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता अभिभावक, शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय कर्मियों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई है।

इस मौके पर डॉक्टर ऋषिकेश कुमार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ क्रांति किशोर शिशु रोग विशेषज्ञ , डॉ संजीत प्रकाश दंत रोग विशेषज्ञ , डॉ उज्जवल कुमारदंत रोग विशेषज्ञ , डॉ सुनीता सिंह दंत रोग विशेषज्ञ डॉ मिथुन दास नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर विजेंद्र कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुष्मिता चौधरी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर बी० एन० सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक कुमार मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर टी शर्मा पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज कुमार फिजीशियन, डॉक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह फिजीशियन , डॉक्टर कनिष्क परमार नस रोग विशेषज्ञ ,डॉ संजीव कुमार ई एन टी स्पेशलिस्ट एवं डॉक्टर सुबोध कुमार ई एन टी स्पेशलिस्ट और डॉक्टर पल्लवी प्रिया महिला रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अबू हुरैरा हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शिव नारायण सिंह सर्जन ऊपस्थित हुए हैं।

इस मौके पर दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीत प्रकाश ने यह जानकारी दी कि प्रत्येक व्यक्ति को 6 महीने के अंतराल पर अपने दातों का जांच अवश्य करनी चाहिए।

डॉक्टर नीरज कुमार फिजीशियन ने बताया कि ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की नियमित जांच में शुगर जैसी गंभीर बीमारियों का पता प्रारंभिक अवस्था में लगाया जा सकता है ।शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषिकेश कुमार, डॉक्टर कांति किशोर ने बच्चों को जंक फूड खाने से मना किया है ।डॉक्टर पल्लवी प्रिया महिला रोग विशेषज्ञ ने कहा कि अभिभावकों को उनके स्वास्थ्य प्रति काफी जागरुकता देखने को मिली 80 से 90% महिलाओं में खून की कमी पाई गई वही डॉक्टर बी०एन० सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ ने बताया कि अगर आप नियमित रूप से संतुलित आहार ले रहे हैं तो आपको होर्लिक्स जैसे खाद पूरक लेने की आवश्यकता नहीं है ।डॉक्टर संजीव कुमार कान नाक गला रोग विशेषज्ञ ने विशेष यंत्र की सहायता से बच्चों का परीक्षण किया चिकित्सकों ने यह सलाह दिया कि ठंड प्रवेश करते ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर मरीज को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए ।इसके साथ ही साथ इस मौके पर लूपिन डायग्नोसिस ए०पी कॉलोनी सेंटर के द्वारा ब्लड प्रेशर, सी०बी०सी, शुगर टेस्ट एवं अन्य ब्लड टेस्ट की भी निःशुल्क जांच किया गया है। साथ ही छात्रों एवं अभिभावकों के बीच मुफ्त में दवाइयों का वितरण किया गया है।

इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्नपन ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा हर बार स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि बच्चे एवं उनके माता पिता अभिभावक अपनी सेहत के प्रति सावधान रहें इस मौके पर हरि प्रपन ने सभी चिकित्सक गण को अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किए

इस मौके पर रजनीश कुमार केडिला फार्मा, गोविंदपुरम रौना ब्रांच के निदेशक लव कुमार , वेद प्रकाश, मानपुर वीडियो, जय शंकर क्लिनिक से दीपक कुमार , और बहुत सारा फार्मा कंपनी के द्वारा दवा का वितरण किया गया है। शहर के जाने-माने गणमान्य लोग स्वास्थ शिविर में उपस्थित हुए करीब इस कैंप में एक हजार से ऊपर छात्र-छात्रों और अभिभावक स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाए'

# बैंक ऑफ इंडिया का क्रेडिट आउट रीच कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




गया बैंक ऑफ इंडिया गया आंचल द्वारा क्रेडिट आउट रीच कार्यक्रम चंदौती मोड़ स्थित होटल प्यारा पैलेस में आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम का आयोजन फील्ड महा प्रबंधक पटना एस बी साहनी, गया अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण एवं आंचलिक प्रबंधक अमित कुमार पाल की अध्यक्षता में किया गया है ।इस अवसर पर गया अंचल के सभी विवाह को के प्रमुख स्टाफ सदस्य एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स गया के गणमन लोग और शहर के उद्यमी ग्राहक एवं विभिन्न शाखा से आए हुए शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी गण में इस कार्यक्रम में भाग लिया है। इस अवसर पर फील्ड महाप्रबंधक एस बी साहनी आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण ने कार्यक्रम में उपस्थित गनमैन लोगों उद्यमियों एवं ग्राहकों को साल एवं कुछ एवं ऑक्सीजन प्लांट भेंट कर सभी का स्वागत किया गया इसके बाद फील्ड महाप्रबंधक एवं आंतरिक प्रबंधक ने ने अपने संबोधन में बैंक की उपलब्धियां से जरूरतमंद व्यक्तियों को अवगत कराया एवं इसकी विस्तार से चर्चा की गई जिसे सभी लोगों को बैंक से वित्तीय सहाड़ा प्राप्त हो सके और वह अपने विषय में उन्नति कर सके इस कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए गया अंचल के मुख प्रबंधक अरविंद कुमार सिंह ने एमएसएमई के प्रमुख प्रोडक्ट जैसे वेलकम ऑफर, एमएसएमई धाला,एसेट समर्थित ऋण, खुदरा व्यापार केन्द्र के मुख्य प्रबंधक सतीश कुमार ने रिटेल के प्रोडक्ट आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण, एवं सपति पर ऋण आदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ।इस कार्यक्रम का विधिवत समापन उप आंचलिक प्रबंधक अमित कुमार पाल ने धन्यवाद ज्ञापन देकर किया है।

# बिहार लघु उद्योगिनी योजना से शहर तेलपा बाजार में खुला रवि फल दुकान




प्रातः किरण संवाददाता

करपी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुमार के द्वारा कई प्रकार के योजनाएं रोजगार के लिए चलाए जा रहे हैं जिसे अपने रोजगार कर जीवन यापन कर सके। शहर तेलपा बाजार स्थित खडासीन मोड के समीप बिहार लघु उद्योगनीय योजना के तहत रवि फल दुकान खोला गया। दुकान संचालक ने बताया कि यहां पर विभिन्न प्रकार के फल उचित मूल पर खुदरा एवं थोक मे बिक्री किया जाता है।

# डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूधिया रोशनी में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत को शानदार अंदाज में हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर वापसी कर ली है। इस चक्र में अपनी नौवीं जीत के साथ, पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अपने पीसीटी में सुधार करके 60.71 कर लिया और तालिका में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ दिया। दूसरी ओर, भारत को 2023-25 चक्र में दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57.29 पर आ गया, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। दक्षिण अफ्रीका इस समय श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है और जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी, नीतीश रहे शीर्ष स्कोरर

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद भारत तीसरे स्थान पर आया

- डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में गंवाया पहला स्थान

एडिलेड में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद के टेस्ट में भारत की 10 विकेट की हार ने उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल के लिए अभी तक फाइनल में पहुंचने वाली टीमों से पर्दा नहीं उठा है और ऐसे में भारत का तीसरे स्थान पर आना बड़ा झटका है क्योंकि पहले दो स्थानों पर रहने वाली टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा। 2023-25 ??चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरुआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाला भारत दो पायदान नीचे खिसककर तीसरे स्थान पर आ गया है।

## रोहन बोपन्ना के खिलाफ खेलना आसान नहीं: सुमित नागल



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस सनसनी सुमित नागल टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीज़न 6 में स्टैंड-आउट खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। नागल पुरुष एकल और युगल वर्ग में गुजरात पैंथर्स के लिए खेल रहे हैं।गुजरात पैंथर्स ने सेमी फाइनल चरण में जगह बना ली है और नागल अपनी टीम के शिविर में ऊर्जा से उत्साहित हैं।उन्होंने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, यह एक सुंदर वातावरण है। हर कोई बहुत अच्छा है और हमेशा हमारे लिए मौजूद है। मैंने इन दो सीज़न में गुजरात पैंथर्स के लिए खेलने का आनंद लिया है। लीग के पहले मैच के दिन गुजरात पैंथर्स का सामना राजस्थान रेंजर्स से हुआ, जिसमें नागल ने पुरुष युगल वर्ग में भारतीय टेनिस दिग्गज रोहन बोपन्ना से मुकाबला किया और मुकाबला हार गए। मैच पर नागल ने कहा, किसी ऐसे व्यक्ति (बोपन्ना) के साथ खेलना आसान नहीं है जिसने स्लैम जीता हो। दिन के अंत में, यहां रहना और ऐसे अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना मजेदार है। टेनिस प्रीमियर लीग हर सीज़न में खेले जाने वाले टेनिस के पैमाने, प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता के मामले में बढ़ रहा है।टीपीएल में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, नागल ने कहा, यह बहुत अच्छा रहा है। यदि आप इस वर्ष खिलाड़ियों की गुणवत्ता को देखें। आप देख सकते हैं कि पहले से एक बड़ा अंतर है। अंत में, अपने भविष्य के लक्ष्यों और अपने आगे के करियर पर, नागल ने कहा, मेरा लक्ष्य अगले साल शीर्ष 50 एटीपी रैंकिंग हासिल करना है और मैं वहां रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

### अफरीदी ने भारत में होने वाले मैचों के बहिष्कार करने को कहा,

## पीसीबी से बोले- आत्मनिर्भर बनना होगा



**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सलाह दी है कि जब तक भारत अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने पर सहमत नहीं हो जाता तब तक वह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंट सहित किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम को भारत भेजने से परहेज करे। कराची कला परिषद में आयोजित उर्दू सम्मेलन में अफरीदी ने पीसीबी से भारत के साथ क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत करने हुए कहा कि पाकिस्तान को मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट को मजबूत और आत्मनिर्भर होने के साथ सैद्धांतिक फैसले लेने चाहिए। भारत अगर पाकिस्तान में आकर नहीं खेल सकता है तो हमारे लिए भारत में जाकर खेलने का कोई कारण नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया है और इसके बजाय टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड मॉडल' में कराने की मांग की है जिससे उसे अपने मैच तटस्थ स्थान पर खेलने की अनुमति मिल सके। अफरीदी ने कहा कि आईसीसी को भी अब यह तय करना है कि क्या वह सिर्फ पैसा कमाना चाहता है या प्रत्येक सदस्य देश को क्रिकेट खेलने का मौका सुनिश्चित कर के अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

## स्टार्क ने बताया दूसरे टेस्ट में जीत का मंत्र

### कहा- पर्थ की निराशा को वहीं छोड़ दिया था



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में जीत के नायकों में से एक ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने रविवार को कहा कि उनकी टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में अपनी बड़ी हार की निराशा को पर्थ में ही छोड़ने के साथ 'बाहरी शोर (आलोचना)' पर ध्यान नहीं दिया। पांच मैचों की श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट भारत को पहली पारी में सिर्फ 150 रन पर आउट करने के बावजूद 295 रन की शर्मनाक हार से मेजबान टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। गुलाबी गेंद से अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने दूसरे टेस्ट की पहली ही गेंद पर पर्थ के शतकवीर यशस्वी जयसवाल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को स्वप्निल शुरुआत दिलायी। उन्होंने इस मैच में 108 रन पर आठ विकेट झटक कर शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने छह विकेट के साथ भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। स्टार्क ने मैच के बाद कहा, 'उस मैच के बाद बाहर काफी शोर (आलोचना) था लेकिन हमने पर्थ (की निराशा) को पर्थ में ही छोड़ दिया था।

## इंग्लैंड 5 लाख रन बनाने वाली पहली टीम, भारत लिस्ट में किस स्थान पर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम टेस्ट फॉर्मेट में 5 लाख रन पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। वह 147 साल के टेस्ट इतिहास में 1082 मैचों में 717 खिलाड़ियों के साथ इस आंकड़े तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट की दूसरी पारी के 51वें ओवर में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी बुक ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ रुरकी की गेंद पर टीम के लिए माइलस्टोन रन पूरा किया। इंग्लैंड को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग बल्लेबाजों ने कुल 18954 टेस्ट पारियां खेली। इसमें दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है जिसने 868 मैच में 429011 रन बनाए हैं। वहीं भारतीय टीम कुल 586 टेस्ट मैचों में 278870 रन बनाकर तीसरे नंबर पर है। इंग्लैंड के नाम टेस्ट इतिहास के सर्वाधिक 929 शतक भी हैं।



### अटकिंसन की हैट्रिक, चार अर्धशतक

पहली पारी में 280 रन पर ऑलआउट होने के बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की पहली पारी 125 रन पर समेट दी। दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने पारी 86/5 के स्कोर से आगे बढ़ाई थी, लेकिन तेज गेंदबाज गम अटक्रियसन ने 125 के स्कोर पर नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउदी के विकेट लगातार गेंदों पर झटककर पारी को समेट दिया। वे इस मैदान पर हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने।

उन्होंने पारी में चायडन कारों के साथ 4-4 विकेट बांटे। 155 रन की बढ़त के बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जैक क्राउली (8) का विकेट 1 के टीम स्कोर पर खो दिया, लेकिन जैकब बेथेल (96) ने बेन डकेट (92) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन जोड़कर बड़े स्कोर की नीच रखी। चुक (55) और जो रूट (73) ने भी अर्धशतक जमाए और पारी को 350 पार पहुंचा दिया। इंग्लैंड अभी 4.97 रन प्रति ओवर की रफ्तार से बल्लेबाजी कर रहा है।

**अब न्यूजीलैंड के लिए जीत आसान नहीं:** दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने मुकाबले में 533 रन की विशाल बढ़त बना ली थी। अब अगर न्यूजीलैंड को यह मैच जीतना है जो कम से कम 534 रन बनाने होंगे, जो टेस्ट पॉर्मेट का रिकॉर्ड चेज होगा। टेस्ट में कभी 418 रन से ज्यादा चेज नहीं हुए हैं।

### आस्ट्रेलिया-भारत टेस्ट मैच

## रोहित ने किया बुमराह बचाव, कहा- अन्य गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान है और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं। रोहित ने बुमराह का साथ देने के लिए टीम के अन्य गेंदबाजों से अपना स्तर ऊंचा करने को कहा। भारत दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार गया। बुमराह ने इस दौरान आस्ट्रेलिया की पहली पारी में चार विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, 'जसप्रीत बुमराह अकेले जिम्मेदारी नहीं ले सकते। आप उससे दोनों छोर से गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं कर सकते। अन्य गेंदबाजों को भी आगे आकर जिम्मेदारी साझा करने की जरूरत है क्योंकि ऐसे भी दिन आएंगे जब बुमराह को विकेट नहीं मिलेंगे। युवा हर्षित राणा ने 16 ओवर में 86 रन लुटाए, लेकिन कप्तान एडिलेड में मिली बड़ी हार के बाद इस महज दो टेस्ट खेलने वाले इस गेंदबाज का बचाव किया।

रोहित ने दिल्ली के इस गेंदबाज के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हर्षित राणा को एक टेस्ट मैच के आधार पर आंकना सही नहीं होगा। मुझे नहीं लगता कि उसने कुछ गलत किया है और उसे बिना किसी कारण के बाहर करना अच्छा नहीं लगेगा। उनके (ऑस्ट्रेलिया) पास एक अच्छा खिलाड़ी (ट्रैविस हेड) है जो उस पर



दबाव बनाने में सफल रहा। राणा के मजबूत जज्बे वाला खिलाड़ी है। इस मैच में भारतीय गेंदबाजी की कलई खुलने के बाद टीम में जल्द से जल्द मोहम्मद शमी की वापसी की मांग उठ रही है लेकिन रोहित ने कहा कि बंगाल के तेज गेंदबाज के घुटने में फिर से सूजन आ गई है। उन्होंने कहा, 'शमी के लिए टीम के दरवाजे खुले है लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए फिर से उनके घुटने में सूजन आ गई है। हम उस पर नजर रख रहे हैं और हम उस पर वापसी के लिए कोई दबाव नहीं डालना चाहते हैं। भारतीय कप्तान पर शमी को टीम में शामिल करने का दबाव है लेकिन उनकी हाव-भाव से लगा कि इस तेज गेंदबाजी की वापसी में अभी समय लग सकता है। रोहित हेड और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच हुई नोकझोंक को ज्यादा तवज्जो देने से बचते दिखे। हेड को आउट करने के बाद सिराज की उनसे कहा सुनी हुई थी। हेड ने बाद में दावा किया कि उन्होंने सिराज से कहा, 'अच्छी गेंदबाजी की' लेकिन भारतीय गेंदबाज ने उनकी इस बात को झूठ करार दिया।

### इस वजह से हमें मैच से हाथ धोना पड़ा: रोहित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे मैच में हार के बाद कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए निराशाजनक रहा, पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले। रोहित शर्मा ने कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और ऑस्ट्रेलिया ने हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे मौके आए जब हम उन मौकों का फायदा उठा सकते थे लेकिन हम ऐसा करने में विफल रहे और इस वजह से हमें खेल से हाथ धोना पड़ा। हमने पर्थ में जो किया वह बहुत खास था, हम यहां आकर फिर से ऐसा करना चाहते थे लेकिन हर टेस्ट मैच की अपनी चुनौती होती है। हमें पता था कि गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण होगा।भारतीय कप्तान ने आगे कहा, जैसा कि मैंने कहा, ऑस्ट्रेलिया हमसे बेहतर था। हम इसके (गाबा टेस्ट) लिए काफी उत्सुक हैं, बीच में भी ज्यादा समय नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था।



मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।

**भारत की दूसरी पारी:** भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए।

## पुरुषों के बाद महिला टीम भी हारी, ऑस्ट्रेलिया ने 122 रन से दी करारी शिकस्त

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार के बाद जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हरा दिया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाये जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, ' हमें बीच-बीच में कुछ साझेदारियां बनाने में सफल रहे। इस मैच में हमारी मानसिकता सकारात्मक थी, लेकिन हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ मौके बनाए लेकिन उनका फायदा नहीं उठा सके। हमें शानदार बल्लेबाजी के लिए ऑस्ट्रेलिया को श्रेय देना चाहिये। हमें अपनी योजनाओं के बारे में सोचने की जरूरत है कि हम अगले मैच में कैसी गेंदबाजी करेंगे। हमें पूरे 50 ओवर बल्लेबाजी करने की जरूरत है।

फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलायी। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल ने अपनी पारी में 12 चौके लगाये जबकि पैरी ने छह छक्के और सात चौके जड़े। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ




मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकट) को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मैच में कभी मजबूत स्थिति मे नहीं दिखी। पारी का आगाज करने उतरी रिचा घोष ने 72 गेंद में 54 रन बनाये। स्मृति मंधाना (नौ) और हरलीन देयोल (12) के सस्ते में आउट होने से टीम 11 ओवर में दो विकेट पर 45 रन ही बना सकी। रिचा और हरमनप्रीत (38) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 69 गेंद में 66 रन की साझेदारी के साथ मैच में भारत की वापसी की कोशिश की लेकिन अलाना किंग (25 रन पर एक विकेट) ने रिचा को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी करने वालों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में बिहार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने अनुज कुमार के कब्जे से 5,000 सिम कार्ड और 25 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि कुमार को बिहार के गया से चीन, कंबोडिया और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में लोगों को सिम कार्ड की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) रवि कुमार सिंह ने बताया कि एक कंपनी के सीए ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का निदेशक बताकर उससे 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। मोबाइल नंबरों और तकनीकी निगरानी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से अनुज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि अनुज इस नेटवर्क का षडयंत्रकर्ता है।

### सिलीगुड़ी बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की उस समय मौत हो गई जब उनकी मां ने उन्हें मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय गलती से उनकी गर्दन पर काट लिया। प्राणी उद्यान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकार दी। पश्चिम बंगाल प्राणी उद्यान प्राधिकरण के सचिव सौरव चौधरी ने बताया कि बाघिन 'रिका' के पिछले सप्ताह जन्मे शावकों की श्वास नली में उस समय छेद हो जाने के कारण मौत हो गई जब बाघिन उन्हें अपने मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान लेकर जा रही थी। दो शावकों की मौत बृहस्पतिवार रात को हुई, जबकि शुक्रवार को एक और शावक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से बाघिन सदमे में प्रतीत हो रही है, जो उसके व्यवहार से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, यह बाघिन द्वारा गले पर गलत जगह से पकड़ने के कारण शावकों की मौत होने का मामला है। हम भविष्य में और अधिक सावधानी बरतेंगे।

### ठाणे जिले में एक महिला पर व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सितंबर में हुई उनके बेटे की मौत के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित कुणाल कृष्ण वर्ता ने 12 सितंबर को भिवंडी शहर में अपने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महिला शादीशुदा है और उसने सोशल मीडिया पर उनके बेटे से दोस्ती की और उससे नजदीकियां बढ़ाईं। अधिकारी ने कहा कि महिला के प्यार के झूठे वादे के कारण ही उसने आत्महत्या की। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इस संबंध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

**उधमपुर , एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को उधमपुर में स्थित उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों के पेशेवर कामकाज और परिचालन में तालमेल कायम करने के प्रति कमान द्वारा की गई पहलों की सराहना की। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) ने संयुक्त क्षमता को और बढ़ाने के उद्देश्य से हुई बैठक की अध्यक्षता भी की। थलसेना,वायु सेना, नौसेना और आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि उधमपुर स्थित कमान मुख्यालय का दौरा करने के बाद जनरल द्विवेदी ने लद्दाख रवाना हो गए।

# 27 साल पुराने हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को राहत

## अदालत ने बरी किया



**पोरबंदर, एजेंसी।**
गुजरात के पोरबंदर की एक अदालत ने 1997 के हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले में बरी कर दिया। यह धारा कबूलनामा प्राप्त करने के लिए गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य प्रावधानों से संबंधित है। संजीव भट्ट को इससे पहले जामनगर में 1990 के हिरासत में मौत के मामले में आजीवन कारावास और पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स रखने से संबंधित 1996 के मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका कि शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया गया था और खतरनाक हथियारों और धमकियों का उपयोग करके स्वेच्छा से दर्द देकर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया था। अदालत ने यह भी नोट किया कि आरोपी पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी, जो उस समय अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा एक लोक सेवक था, मामले में प्राप्त नहीं की गई थी। संजीव भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई चौ, जिनके खिलाफ उनकी मृत्यु के बाद मामला खत्म कर दिया गया था, पर भारतीय दंड संहिता की धारा 330 (स्वीकारोक्ति के लिए चोट पहुंचाना) और 324 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत आरोप लगाए गए थे, जो नारन जादव की शिकायत पर आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) और शस्त्र अधिनियम के मामले में पुलिस हिरासत में कबूलनामा लेने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक यातना देने के लिए था। 6 जुलाई, 1997 को मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष नारन जादव की शिकायत पर कोर्ट के निर्देश के बाद 15 अप्रैल, 2013 को पोरबंदर शहर के बी-डिवीजन पुलिस स्टेशन में भट्ट और चौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 1994 के हथियार बरामदगी मामले में नारन जादव 22 आरोपियों में से एक था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पोरबंदर पुलिस की एक टीम 5 जुलाई, 1997 को अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल से ट्रांसफर वारंट पर नारन जादव को पोरबंदर में संजीव भट्ट के घर ले गई थी।

# दीपक बाबरिया ने ली हरियाणा में हार की जिम्मेदारी, बोले- 10 से 15 सीटों पर गलत टिकट दिए



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार को लेकर अभी तक कांग्रेस में कलह छिड़ा हुआ है। नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस नेताओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें लंबे समय बाद के बाद हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया भी शामिल हुए। बाबरिया ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि अगर सब लोग यह मानते हैं कि कांग्रेस की हार में मेरा दोष है तो मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं, लेकिन असली बात यह है कि 10 से 15 विधानसभा सीटों पर टिकटों का वितरण सही ढंग से नहीं किया गया था। दीपक बाबरिया ने कहा कि मेरे पास जब कई सीटों पर धांधली होने संबंधी संदेश आया तो मैंने उसे तुरंत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के पास फॉरवर्ड कर दिया था। पार्टी अध्यक्ष ने उसे क्यों गंभीरता से नहीं लिया। बाबरिया ने कहा कि अभी मैं पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हूं। बहुत जरूरी बैठकों में ही हिस्सा ले सकूंगा।

चुनावी नतीजों के बाद हुई इस पहली बैठक में दीपक बाबरिया शामिल हुए थे। विधानसभा चुनाव में प्रचार से भी उन्होंने दूरी बना ली थी। बाबरिया पर टिकट आवंटन सही नहीं करने और एक ग्रुप विशेष की सुनवाई करने के आरोप भी लगे थे। बाद में बाबरिया ने खुद को बीमार बताते हुए चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया था। नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने प्रभारी पद से इस्तीफा देने की पेशकश भी कर दी थी, लेकिन पार्टी ने उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया है। हरियाणा कांग्रेस प्रधान चौधरी उदयभान अभी तक दीपक बाबरिया की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे थे। उदयभान ने आरोप लगाया कि दीपक बाबरिया की वजह से हरियाणा में कांग्रेस का संगठन नहीं बन पाया, क्योंकि वह उनके द्वारा भेजी गई सूचियों को अपने पास दबाकर बैठे रहे और उन्हें हाईकमान के पास मंजूरी के लिए नहीं भेजा। दीपक बाबरिया को पहले से यह सूचना थी कि 12 से अधिक सीटों पर कांग्रेस हार रही है। उन्हें यह संदेश आ गया था लेकिन बाबरिया ने यह संदेश छिपाकर रखा और पार्टी को इसकी सूचना नहीं दी।

**चुनावी नतीजों को हाई कोर्ट में देंगे चुनौतीः** विधानसभा चुनाव में हार में ईवीएम की भूमिका और कथित धांधली के आरोपों के साथ कांग्रेस फिर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। पहले से ही कई कांग्रेस उम्मीदवारों ने ईवीएम में गड़बड़ी, चुनाव में धांधली, चुनाव आयोग की भूमिका व सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग सहित कई आरोपों के साथ हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। अब कुछ और उम्मीदवार भी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हरियाणा के इतिहास में यह पहला मौका है जब चुनावी नतीजों को एकसाथ इतने लोगों ने चुनौती दी है।

# मणिपुर में हिंसा भड़काने की कोशिश नाकाम, इंफाल में अपहरण की कोशिश में उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर को फिर से सुलगाने की एक कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। दरअसल मणिपुर पुलिस ने इंफाल के थंगल बाजार इलाके में अपहरण की कोशिश नाकाम कर दी और दो लोगों को बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) से जुड़े उग्रवादी तेनसुबाम बंगकिम को अपहरण के इस मामले में इंफाल पश्चिम जिले से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार उग्रवादी के पास से हथियार बरामदः** उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर के एक शरणार्थी कैंप से तीन महिलाओं और बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। अब एक बार फिर उग्रवादियों की मंशा राज्य में हिंसा भड़काने की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से 9 एमएम पिस्तौल, सात कारतूस और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया।

इस बीच, सुरक्षा बलों ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के एल जंगनोमफाई इलाके में तलाशी अभियान चलाया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया, जिसमें एक स्नाइपर राइफल, तीन पिस्तौल, एक .303 बोल्ट एक्शन राइफल, पांच हथगोले, पांच स्टारडाइन 90 विस्फोटक, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कारतूस, पांच दंगा-रोधी गोले और एक रेडियो सेट शामिल हैं। इसके अलावा, उखरुल जिले के खमासोन रेंज में अवैध अफीम की खेती के आरोप में भी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बयान में कहा है कि करीब 30 एकड़ में अफीम की खेती का पता चला है, गिरफ्तार लोगों के कब्जे से एक एयर गन और दो चाकू भी जब्त किए गए हैं।

# गुरुग्राम के एक फार्म हाउस में खेला जा रहा था गंदा खेल; पुलिस ने 40 को दबोचा

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार रात को खादरपुर गांव में एक फार्महाउस पर छापेमारी कर के अवैध कैसीनो का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 40 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि खुफिया इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार रात खादरपुर गांव में मैपल फार्महाउस पर छापा मारा। पुलिस ने कैसीनो संचालकों और वहां जुआ खेल रहे लोगों समेत कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कैसीनो टेबल, 3,180 टोकन और जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ताश के छह पैकेट बरामद किए हैं। थाने में मामला दर्ज करवाया गया। सभी आरोपियों को जांच में शामिल करने के बाद हिदायत देकर जमानत पर छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों से जुआ खेलने में प्रयोग की जाने वाली दो कसीनो टेबल, 3180 टोकन और छह पैकेट ताश के बरामद किए हैं।

# यूट्यूब से सीखी खोपड़ी वाली तांत्रिक क्रिया, काले जादू के लिए काटा था युवक का सिर



**गाजियाबाद एजेंसी।**
खोपड़ी से तांत्रिक क्रिया कर पैसे कमाने को एक युवक की हत्या कर उसका सिर काटने के चार आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के साढ़े पांच माह बाद मृतक की खोपड़ी भी बरामद की गई। मुख्य आरोपी ने यूट्यूब पर काला जादू और खोपड़ी से तांत्रिक क्रिया कर पैसे कमाने का वीडियो देखने के बाद वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं।

गाजियाबाद के टीला मोड़ थानाक्षेत्र में 22 जून 2024 को एक सिर कटी लाश मिली थी। पुलिस ने 15 अगस्त को दिल्ली के ताहिरपुर निवासी विकास उर्फ मोटा और बिहार के मोतिहारी निवासी धनंजय को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया गया था। मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी राजू के रूप में हुई थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में युवक की हत्या की गई थी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि शनिवार को दिल्ली से बिहार के मोतिहारी निवासी विकास उर्फ परमात्मा, नंदनगरी निवासी नरेंद्र उर्फ एनडी और आदर्शनगर निवासी पवन और उसके भाई पंकज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

विकास उर्फ परमात्मा की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जबकि पवन इस हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार है। पवन तंत्र-मंत्र का जानकार होने का दावा करता है। उसने ही दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में लिफ्ट ऑपरेटर अपने दोस्त नरेंद्र के जरिये बाकी आरोपियों को खोपड़ी के साथ तांत्रिक क्रिया करने पर मोटी रकम मिलने का झांसा देकर अपने साथ जोड़ा था।

ई-रिक्शा चलाने वाले परमात्मा ने ऑटो चलाने वाले विकास उर्फ मोटा को उसके साथ रहने वाले धनंजय को इंसान की खोपड़ी के बदले पांच लाख रुपये देने की बात कही थी। धनंजय ने दिल्ली के कमला मार्केट में अपने पास ही पकौड़ी की दुकान लगाने वाले दोस्त राजू की नशे की लत का फायदा उठाया। धनंजय और मोटा ने उसे अपने कमरे पर पांच दिन तक शराब पिलाई और गला दबाकर हत्या कर दी।

# दुबई में महिला कार के बोनट पर छोड़ दिए सोने के जेवर, लोगों का रिएक्शन देख होगी हैरान ! लाखों बार देखा जा चुका वीडियो



**दुबई , एजेंसी।** दुबई जो अपनी लग्ज़री जीवनशैली, अत्याधुनिक संरचना और सख्त कानूनों के लिए प्रसिद्ध है, एक बार फिर अपनी सुरक्षा और ईमानदारी का प्रमाण पेश कर चुका है। हाल ही में, सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। इस वीडियो में इन्फ्लुएंसर लेयला अफशोनकर ने दुबई की व्यस्त सड़क पर एक अद्वितीय प्रयोग किया, जिसमें उन्होंने कार की बोनट पर सोने के गहने छोड़कर वहां की सुरक्षा और लोगों की ईमानदारी को परखा। लेयला अफशोनकर, जो अपने सोशल एक्सपेरिमेंट्स के लिए जानी जाती हैं, ने दुबई की एक व्यस्त सड़क पर अपनी नीले रंग की बीएमडब्ल्यू कार की बोनट पर सोने का हार और झुमके रख दिए।

इसके बाद वह पास की एक दुकान में चली गई, जहां से वह गहनों पर नज़र रख रही थीं। इस दौरान, राहगीर गहनों के पास से गुजरते रहे, लेकिन किसी ने उन्हें छुआ तक नहीं। एक महिला ने देखा कि झुमका कार की बोनट से नीचे गिर गया था। उसने बिना किसी हिचकिचाहट के उसे उठाया और वापस वहीं रख दिया। आधे घंटे तक गहने खुले में पड़े रहे, लेकिन उनकी ओर किसी ने बुरी नीयत से हाथ नहीं बढ़ाया। आधा घंटा हो गया है, और किसी ने गहनों को छुआ तक नहीं। अब बताओ, दुबई दुनिया का सबसे सुरक्षित देश नहीं है तो क्या है? यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और इसे अब तक लाखों बार देखा जा चुका है। करीब 15,000 से अधिक टिप्पणियां** इस पर आई, जिनमें अधिकांश लोगों ने दुबई की सुरक्षा और वहां के निवासियों की ईमानदारी की तारीफ की।

एक यूजर ने लिखा सिर्फ दुबई में ही ऐसा हो सकता है कि आप गहने खुले में छोड़ दें और वे सुरक्षित रहें। दूसरे ने कहा, यह दुबई की संस्कृति और वहां के लोगों की परवरिश का नतीजा है। तीसरे ने टिप्पणी कीदुबई के कानून इतने कड़े हैं कि कोई भी गलत काम करने की हिम्मत नहीं करता। कुछ यूजर्स ने इस प्रयोग को नकली बताते हुए सवाल उठाए। एक ने लिखा. कैसे पता कि यह पहले से तय नहीं था? सब कुछ बहुत परफेक्ट लगता है।ङ्घ दूसरे यूजर ने कहा, दुबई से बाहर किसी और शहर में ऐसा करके देखिए, शायद नतीजे अलग होंगे। सख्त दंडनीति के लिए जाना जाता है।

# बांग्लादेश में बाज नहीं आ रहे उपद्रवी, अब इस्कॉन के दो और मंदिरों में लगाई आग; देवी-देवताओं की मूर्तियां हुई राख

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में इस्कॉन के दो मंदिरों में उपद्रवियों ने आग लगा दी है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार तड़के करीब तीन बजे उपद्रवियों ने ढाका जिले के धौर गांव में स्थित श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर व श्रीश्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी। ये दोनों मंदिर इस्कॉन के हरे कृष्ण नामहट्ट केंद्र के अंतर्गत आते हैं। राधारमण ने बताया कि आग लगाने में पेट्रोल या किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल किया गया। मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य सामान पूरी तरह से जल गए हैं। आगजनी में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस्कॉन के अनुसार बांग्लादेश में 100 से भी अधिक धार्मिक केंद्र हैं, जिनके चार संन्यासियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। इस्कॉन द्वारा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का ध्यान इस ओर खींचने के बावजूद कुछ नहीं किया जा रहा है। भाजपा ने मंदिरों में आगजनी की घटना की सख्त निंदा की। बंगाल भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा-मैं इस्कॉन के नामहट्ट केंद्र में आगजनी की कड़ी निंदा करता हूं। यह अक्षम्य है। दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों का विश्व समुदाय को विरोध करना चाहिए। मंदिरों पर हमला अविलंब रोका जाना चाहिए। जब तक यह बंद नहीं होगा, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए बहरीन पहुंचे



**मनामा, एजेंसी।**
विदेश मंत्री एस जयशंकर मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए मनामा बहरीन पहुंचे. जयशंकर का स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया. वह रविवार और सोमवार को बहरीन में रहेंगे. इस दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे. जयशंकर ने एक्स पर इस संबंध में जानकारी दी. इसमें उन्होंने कहा, आज शाम मनामा पहुंचकर बहुत प्रसन्न हूं. अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा. मनामा वार्ता में शामिल होने को लेकर उत्साहित हूं. मुझे विश्वास है कि यह वार्ता सार्थक होगी.

विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं. वे 8 से 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की सह-अध्यक्षता करेंगे. इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा की जाएगी. साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में वार्ता की जाएगी.

विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईआईएसएस मनामा वार्ता के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे. इस वर्ष की मनामा वार्ता का विषय है क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व नेतृत्व. भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं.

दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश में है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है.

दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है. दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध भी बढ़ रहे हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन में 3,00,000 से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं. बहरीन ने अपने इतिहास और प्रगति में भारतीय समुदाय के योगदान को मान्यता देने और उसे चिह्नित करने के लिए नवंबर 2015 में लिटिल इंडिया इन बहरीन परियोजना शुरू की थी.

# अमेरिकी सांसद ने बांग्लादेश में हिंदू विरोधी हिंसा पर जताई चिंता, कहा- सरकार सख्त कार्रवाई करे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने बांग्लादेश में हाल ही में हुए अशांति और हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में बांग्लादेश सरकार से मानवाधिकारों की रक्षा करने, कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने, और हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हो रही हिंसा को तुरंत समाप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों के खिलाफ हो रही हिंसा अस्वीकार्य है और इसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। मैं बांग्लादेश सरकार से शांति से तनाव कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील करता हूं। इलिनॉयस से सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने यह भी जोर दिया कि बांग्लादेश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों की सुरक्षा होनी चाहिए और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को उचित कानूनी सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, बांग्लादेश सरकार को मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए, जिसमें शांतिपूर्ण विरोध और उचित कानूनी प्रतिनिधित्व का अधिकार शामिल है। ये उपाय मौजूदा तनाव को कम करने के लिए जरूरी हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129